हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 48 देहरादून, बृहस्पतिवार, 08 अगस्त, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की 23वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न 2

# योजनाओं में नवाचार पर ध्यान दें अधिकारी : सीएम धामी

## प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री ने सचिव समिति को किया संबोधित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। पुष्कर सिंह धामी राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने सचिव समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। तीन घण्टे तक चली इस बैठक में राज्यहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित से जुड़ी योजनाओं के नीति-निर्धारण और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में सचिव गणों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सचिव सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। शासन और प्रशासन एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। राज्य के हर क्षेत्र में विकास के साथ ही, लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे। लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाये बिना राज्य के समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर निर्माण के साथ ही उनके सफल क्रियान्वयन के लिए पूरा एक्शन प्लान बनाया जाना चाहिए। सरकार की योजनाओं और निर्णयों का प्रभाव करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है अतः योजनाओं और निर्णयों में राष्ट्रहित और जनहित पहली प्राथमिकता में होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सचिवों को निर्देश दिये कि विभागों के रिक्त पदों का अधियाचन शीघ्र आयोगों को भेजे जाएं। सुनिश्चित कार्ययोजना के साथ आगामी दो सालों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

**कार्यों और योजनाओं के निर्माण में नवाचार पर दिया जाए विशेष ध्यान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों और योजनाओं के निर्माण में नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए और आधुनिक तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनहित से जुड़े कार्यों में सही रास्ता निकालने की सबके मन में भावना होनी चाहिए। जन अपेक्षाओं के अनुसार हम उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपने कार्यक्षेत्र में क्या विशिष्ट कार्य कर सकते हैं, इस दिशा में सभी अधिकारी पूरे मनोयोग से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुड गवर्नेंस की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों में जिन इंडिकेटरों में हमें सुधार की आवश्यकता है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन इंडिकेटर पर राज्य में अच्छा कार्य हुआ है, उनको बनाये रखना हमारे सामने चुनौती भी होगी।



■ योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के बने विस्तृत एक्सन प्लान

**आगामी एक वर्ष की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन का बनाया जाए रोस्टर**

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि सचिव समिति की बैठक में राज्यहित से जुड़े विषयों की नियमित समीक्षा की जाए। श्रेष्ठ उत्तराखण्ड के निर्माण के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं का एक रोस्टर प्लान बनाया जाए, जिसमें ऐसी योजनाएं शामिल हों, जो व्यापक जनहित वाली हों। जनपदों के प्रभारी सचिव समय-समय पर जनपदों में जाकर योजनाओं की नियमित समीक्षा करें और विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बड़ी परियोजनाओं की पृथक से बृहद स्तर पर समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं को दैवीय आपदा अथवा अन्य किसी भी संभावित नुकसान से बचाने के लिए उनका सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए। पुराने पुलों, एसटीपी, जल विद्युत परियोजनाओं, सुरंगों और अन्य अवस्थापना से जुड़े कार्यों में सुरक्षा मानकों का पूर्णतया पालन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार से जानमाल का नुकसान न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मितव्ययिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। राजस्व वृद्धि के साथ आवश्यक व्ययों को कैसे नियंत्रित किया जाए, इस दिशा में कार्य होना आवश्यक है। सीमित संसाधनों से हमें बेहतर आउटकम देने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में जो सब्सिडी दी जा रही है, वह लाभार्थियों को समय पर मिले। लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ जल्द दिलाने के लिए विभागों द्वारा नियमित कैंप लगाए जाएं।

सचिवों द्वारा नवाचार एवं नयी योजनाओं के अध्ययन एवं भ्रमण का हो राज्य हित में उपयोग

बैठक में बताया गया कि 2070 तक भारत ने 'नेट जीरों उत्सर्जन' की दिशा में आगे बढ़ने का फैसला लिया है। इस दिशा में राज्य में थर्मल एनर्जी की सम्भावनाओं तथा राज्य में जिओ थर्मल एनर्जी के क्षेत्र में किये जाने वाले एमओयू के सबंध में भी चर्चा की गई। राज्य में विभिन्न माध्यमों से ऊर्जा उत्पादकता बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और नई तकनीक के अध्ययन के लिए जो भी सचिव देश के विभिन्न राज्यों व विदेश भ्रमण पर जाते हैं, उनके विभिन्न पहलुओं और आऊटकम का सचिव समिति में प्रस्तुतीकरण दिया जाए।

सचिवों द्वारा राज्य हित में दिये गये महत्वपूर्ण सुझाव : सचिवों द्वारा बैठक में अनेक सुझाव दिये गये। राज्य में राजस्व क्षमता में वृद्धि करने और पूंजीगत व्यय को कम करने, वृद्ध लोगों को ध्यान में रखकर उनके हिसाब से भी योजनाएं बनाने, निराश्रित गोवंश की सुरक्षा के लिए कारगर उपायों, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिये जाने, कृषि और उद्यान के क्षेत्र में फसली बीमारियों से बचाव के लिए कारगर उपायों पर कार्य करने, किसानों को बेहतर पौधे और बीज उपलब्ध कराने के लिए कारगर व्यवस्था बनाने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन करने पर सुझाव दिये गये। रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए बेहतर प्रशिक्षण के साथ प्रशिक्षण के आऊटकम पर ध्यान दिये जाने शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन, गांवों में सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए परिवहन, पुलिस और लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारियां तय किये जाने, समान प्रकृति के कार्यों के लिए विभागों के आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, उत्तराखण्ड गतिशक्ति पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अन्य क्षेत्रों में विभिन्न सुझाव अधिकारियों द्वारा दिये गये।

बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल.फैनई, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पंत एवं सभी सचिव गण उपस्थित थे।

# हिमाचल के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मुख्यमंत्री धामी से भेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को हिमाचल के कैबिनेट मंत्रीविक्रमादित्य सिंह ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और हिमाचल के कैबिनेट मंत्री के मध्य उत्तराखण्ड और हिमाचल के बीच उत्तराखण्ड और हिमाचल की आपसी कनेक्टिविटी जोड़ने के लिए चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों की सीमा पर स्थानीय काश्तकारों को टोल टैक्स में छूट प्रदान की जाय।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिमाचल के मुख्यमंत्रीसुखविन्द्र सिंह सुखू से भी फोन पर वार्ता कर दोनों राज्यों की आपसी कनेक्टिविटी को और अधिक विस्तार देने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड और हिमाचल की भौगोलिक स्थिति लगभग एक जैसी है। हाल ही में सम्पन्न हुई नीति आयोग की बैठक में हिमालयी राज्यों के समग्र विकास के लिए विशिष्ट नीतियां बनाने का भी अनुरोध किया है।

हिमाचल प्रदेश के कैबिनेट मंत्रीविक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड को जोड़ने वाले पांवटा साहिब में यमुना नदी पर 550 मीटर लम्बे 02 लेन पुल पर वाहनों की आवाजाही के कारण भारी कंपन दिखाई देती है। आई.आई.टी. रूडकी की जांच और संस्तुति के बाद सड़क परिवहन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भी इसके मरम्मत की मंजूरी दे दी गयी है। इसके लिये कम से कम 02 माह पुल के यातायात को बन्द करना आवश्यक है। मुख्यमंत्रीपुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इसके लिए पूरा सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुल की मरम्मत से पहले जिलाधिकारी देहरादून और जिलाधिकारी सिरमोर द्वारा डायवर्जन प्लान बनाया जायेगा। कैबिनेट मंत्री हिमाचल प्रदेश ने कहा कि यातायात की सुगमता के लिये पुल के पास बनाए गए वन, खनन, आबकारी एवं आर.टी.ओ. के अवरोधों तथा लोडेड वाहनों की पार्किंग को पुल से 01 किमी. दूर स्थानांतरित किये जाने की आवश्यकता होगी, इस पर मुख्यमंत्री ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री हिमाचल प्रदेश ने हिमाचल को उत्तराखण्ड से जोड़ने के प्रयासों पर बल देते हुए उत्तराखण्ड द्वारा यमुना नदी पर बनाये गये भीमावाला नावघाट 540 मीटर लम्बे पुल को



जोडने वाले 820 मीटर लम्बे सम्पर्क मार्ग के निर्माण पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिमाचल से उत्तराखण्ड को जोडने वाले धौला से सेवाडोगरी तक 10 कीमी. सड़क निर्माण कार्य होने से डोडराक्वार क्षेत्र 12 महीने आवागमन सुचारू हो जायेगा और दोनों राज्यों की आपसी कनेक्टिविटी भी बन जायेगी। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश की पूर्व लोकसभा सांसद प्रतिभा सिंह, सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय और हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# 1.50 लाख की बाइक पर 25 हजार रुपये बचाने का मौका, 15 अगस्त तक ही मिलेगा ऑफर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 08 अगस्त : भारतीय बाजार में पेट्रोल के दाम और कम रनिंग कॉस्ट के कारण बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदना पसंद कर रहे हैं। ऐसे में भारत की इलेक्ट्रिक बाइक निर्माता Oben Electric की ओर से अपनी बाइक पर हजारों रुपये बचाने का मौका दिया जा रहा है। कंपनी किस बाइक पर कितना डिस्काउंट ऑफर कर रही है। हम आपको इस खबर में बता रहे हैं।

Oben दे रही Freedom Offerओबन इलेक्ट्रिक की ओर से भारतीय बाजार में अपनी इलेक्ट्रिक बाइक पर इस महीने बेहतरीन ऑफर दिया जा रहा है। कंपनी की ओर से Freedom Offer को शुरू किया गया है, जिसके तहत 15 अगस्त तक बाइक खरीदने पर 25 हजार रुपये की बचत की जा सकती है।Oben की इस इलेक्ट्रिक बाइक में काफी दमदार मोटर दी जाती है, जिससे आठ KW क्षमता की पावर मिलती है। जिस पर तीन साल की वारंटी भी दी जाती है। इस मोटर से बाइक को सिर्फ तीन सेकेंड में ही 0-40 किलोमीटर की स्पीड से चलाया जा सकता है। इसकी टॉप स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक है। बाइक में आईपी67 रेटिंग वाली 4.4 kWh क्षमता की बैटरी दी जाती है, जिसे 80 फीसदी चार्ज करने में दो घंटे लगते हैं और इसके बाद बाइक को 187 किलोमीटर तक चलाया जा सकता है।

मिलते हैं बेहतरीन फीचर्सOben Rorr में कई बेहतरीन फीचर्स को ऑफर किया जाता है। ड्राइविंग के लिए इसमें ईको, सिटी और हैवोक मोड दिए गए हैं। बाइक में एप कनेक्टिड कई फीचर्स दिए जाते हैं, जिसमें बैटरी का एसओसी, रेंज आदि की जानकारी मिलती है। बाइक में ड्राइवर अलर्ट सिस्टम, जियो फेंसिंग थेफ्ट प्रोटेक्शन, 200 एमएम ग्राउंड क्लियरेंस, 230 एमएम वाटर वेडिंग जैसे फीचर्स मिलते हैं। कंपनी बैटरी पर तीन साल या 50 हजार किलोमीटर की वारंटी भी देती है।

कर रही विस्तारकंपनी मौजूदा समय में 10 स्टोर के साथ काम कर रही है, लेकिन आने वाले एक साल में इनकी संख्या बढ़ाकर 50 तक करने की है। Oben Electric का फोकस मेट्रो शहरों के साथ ही टियर वन शहरों पर भी है। इसलिए कंपनी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, जयपुर जैसे शहरों में जल्द ही नए स्टोर्स को शुरू करने जा रही है।1.50 लाख रुपये है कीमतOben Electric की इस बाइक को 1.50 लाख रुपये की कीमत पर ऑफर किया जाता है। लेकिन 15 अगस्त तक इस पर 25 हजार रुपये की बचत के बाद 1.25 लाख रुपये की कीमत पर इसे खरीदा जा सकता है।

Oben की Rorr इलेक्ट्रिक बाइक का बाजार में Revolt RV 400 जैसी बाइक से होता है। इसके अलावा OLA की ओर से भी जल्द ही इलेक्ट्रिक बाइक को लॉन्च किया जा सकता है, जिसके बाद इलेक्ट्रिक बाइक सेगमेंट में मुकाबला और कड़ा हो जाएगा।

# उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की 23वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। पर्यटन मंत्री एवं अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद सतपाल महाराज की अध्यक्षता में आज उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की 23वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा के पश्चात् बोर्ड सदस्यों का मनतव्य प्राप्त किया गया।

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की 23वीं बोर्ड बैठक में उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद सेवानियमावली-2013 में संशोधन किये जाने का प्रस्ताव पारित करने के साथ-साथ वर्ष 2024-25 में प्रस्तावित साहसिक पर्यटन के ईवेन्ट कलैण्डर का अनुमोदन प्रदान किया गया। श्री जागेश्वर धाम, महासू देवता, ओम पर्वत, मुनस्यारी, जादौन एवं टिम्बरसैण आदि के सुनियोजित विकास के सम्बन्ध में हो रहे कार्यों से बोर्ड को अवगत कराया गया। चंपावत में 10 प्रमुख नौलो के सुधार एवं पर्यटन के दृष्टि से विकसित किये जाने हेतु अग्रेत्तर दस्तावेजीकरण, मानचित्र और डी०पी०आर० गठन की कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया केदारनाथ एवं बद्रीनाथ की भांति गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम का ज्वनतपेउ कमेजपदंजपवद प्लान तैयार किये जाने हेतु कन्सलटैन्ट का चयन कर अग्रेत्तर कार्यों के सम्बन्ध में बोर्ड को अवगत कराया गया। प्रमुख पर्यटक स्थलों जैसे ऋषिकेश, नैनीताल में ठंडी सड़क आदि में डेस्टिनेशन के बारे में चर्चा की गई। कार्मिकों से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बोर्ड बैठक में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि पिथौरागढ़ के गूंजी में महर्षि वेदव्यास की मूर्ति स्थापित कर एक पर्यटन गर्तव्य के रूप में विकसित किया जाये। गुड़गांव स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स की तर्ज पर थीम पार्क विकसित करने पर विचार किया जाये। औली से गौरसों बुग्याल तक रोपवे निर्माण हेतु सर्वे कराया जाये। राज्य के प्रमुख मार्गों पर इलैक्ट्रीक वाहनों हेतु चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण किया जाये।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि राज्य में स्थित प्रमुख पुलों से बंजी जम्पिंग की सभावनाओं पर कार्य किया जाये। एस्ट्रो टूरिज्म हेतु Sleep under the Skies की संकल्पना कर कार्यक्रम बनाया जाये। पर्यटन के क्षेत्र में रिसर्च एण्ड डेवल्पमेन्ट तथा कौशल विकास पर बोर्ड द्वारा सुदृढ़ रणनीति तय की जाये। परितयक्त पुलों पर पर्यटकों हेतु विभिन्न सुविधाओं के विकास पर कार्य किया जाये।

मा० पर्यटन मंत्री जी द्वारा विभाग द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गयी तथा सभी अधिकारियों को उत्तराखण्ड को पर्यटन प्रदेश बनाने हेतु विभिन्न नीतियों तथा एक नई सोच के साथ कार्य करने के लिये प्रेरित किया। बैठक में सचिव पर्यटन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुर्वे सहित पर्यटन विभाग के अन्य अधिकारिगण भी उपस्थित थे।

## श्रीकेदारनाथ धाम की यात्रा को पुनः संचालित करने के लिए सोनप्रयाग में बाधित सड़क मार्ग को खोलने के लिए कार्य शुरू

देहरादून। विगत दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारघाटी में 31 जुलाई को आपदा के कारण हुए नुकसान एवं राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द जनजीवन सामान्य बनाने के निर्देश दिए गए थे तथा क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पैदल यात्रा मार्ग में अवरुद्ध यात्रा मार्ग को तत्परता से दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे।

अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड के बीच जो डेढ मीटर राष्ट्रीय राजमार्ग पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे खोलने के लिए पोकलैंड मशीन के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग खोलने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही सोनप्रयाग पुल के पास जो सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी उसका पुश्ता निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता डीडीएमए विनय झिंक्वाण ने अवगत कराया है कि श्रीकेदारनाथ पैदल मार्ग कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा लगभग 15 स्थान ऐसे हैं जहां पैदल सड़क मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकेदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग को दुरुस्त करने के लिए मजदूरों द्वारा विषम कठिन परिस्थितियों में मरम्मत एवं निर्माण कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीकेदारनाथ धाम से छोटी लिनचोली तक क्षतिग्रस्त पैदल यात्रा मार्ग को आवाजाही हेतु सुचारू कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मजदूरों द्वारा क्षतिग्रस्त श्रीकेदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग को खोलने के लिए कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है किन्तु मौसम साथ न देने के कारण मजदूरों की सुरक्षा के दृष्टिगत कार्य निरंतर नहीं हो पा रहा है।

## यूपीसीएल का राजस्व बढ़ाने को चलेगा अभियान

देहरादून। यूपीसीएल का राजस्व बढ़ाने को एमडी अनिल कुमार ने अभियान चलाने के निर्देश दिए। जुलाई महीने में लक्ष्य से बढ़ कर आए राजस्व के क्रम को बनाए रखने पर जोर दिया गया। राजस्व बढ़ाने के साथ ही उपभोक्ता सुविधाओं को भी बढ़ाने के निर्देश दिए। एमडी अनिल कुमार ने बताया कि जुलाई महीने में राजस्व के तय लक्ष्य 866 करोड़ से बढ़ कर 967 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। मई और जुलाई महीने में भी लक्ष्य से बढ़ कर राजस्व प्राप्त किया गया। इसके लिए अफसर, कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी शत प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि सभी शहरों में मेगा कैंप, शिविर लगाए जाएं। सभी बड़े बकाएदारों के खिलाफ वसूली नोटिस जारी किए जाएं। पिछले बकाया की वसूली भी सुनिश्चित की जाए। बिल जमा न कराने पर कनेक्शन काटे जाएं। इसकी सूचना पहले ही उपभोक्ता को दी जाए। अन्य विभागों के साथ भी समन्वय स्थापित करते हुए राजस्व वसूली की जाए। राजस्व वसूली में बेहतर काम करने वाले मंडल, खंड और उपखंडों को सम्मानित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विज्ञान संगोष्ठी में मेद्या रावत रही प्रथम

नई टिहरी। ब्लॉक समन्वय सुनील चंद्र पुरोहित ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बताया। गोष्ठी में देवप्रयाग ब्लॉक के 24 विद्यालयों के 32 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में राइंका चमराड़ा देवी की मेघा रावत प्रथम, भल्लेगांव के नमन रतूड़ी द्वितीय और राइका जामणीखाल के प्रियांशु तृतीय रहे। विजेता प्रतिभागियों बीईओ ने पुरस्कृत करते हुए जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारियों की जानकारी दी। इस दैरान महेश चंद्र सुयाल, रघुनाथ सिंह कैंतुरा, प्रियंका ध्यानी, ऋद्या जोशी, विमर्श पंत, अर्चना भट्ट, राकेश नैनवाल, देशराज वर्मा, हेमा खंडूड़ी, रिंकी जोशी, प्रेमलता, पूनम आदि मौजूद रहे।

### लंबित चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का धरना शुरू

नई टिहरी। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, शाखा नरेंद्रनगर ने लंबित चार सूत्रीय मांगों को लेकर बीईओ कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। संगठन अध्यक्ष महेश गुसाईं ने बताया कि संगठन लंबे समय से सातवें वेतनमान के एरियर भुगतान की कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे शिक्षकों में विभाग के प्रति नाराजगी है। उन्होंने सातवें वेतनमान के एरियर भुगतान, संगठन के पिछले वर्षों के चयन, पदोन्नति के एरियर भुगतान किए जाने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों का निस्तारण किए जाने, स्थानांतरित शिक्षकों की सेवा पुस्तिका समय से भेजने की मांग की है। बताया कि, सभी शिक्षक विद्यालय समय के बाद बीईओ कार्यालय में हर दिन शाम पांच बजे तक धरना देंगे।

### भिलंगना ब्लॉक में 12 दिन से बंद पड़े है कई मोटरमार्ग

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के आपदा प्रभावित गांवों के मोटरमार्ग 12 दिनों बाद भी नहीं खुल पाए हैं। बंद पड़े मोटरमार्गों के चलते ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र मोटरमार्ग न खोले जाने पर लोनिवि और पीएमजीएसवाई के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। घनसाली में बीते 26 जुलाई को बालगंगा नदी में आई भीषण बाढ़ के चलते की पट्टी थाती कठुड के तिनगढ़-जखाणा-गेंवाली मोटर मार्ग, बूढाकेदार-कोटविशन- तोली मोटरमार्ग एवं बूढ़ाकेदार-अगुण्डा-पिन्स्वाड़ मोटर मार्ग आपदा की भेंट चढ़ गए थे। आपदा के 12 दिन बाद भी मोटरमार्ग न खुलने से ग्रामीणों में लोक निर्माण विभाग एवं पीएमजीएसवाई के खिलाफ रोष बना हुआ है।

### मेडिकल कॉलेज और ग्रेविटी पेयजल योजना का जल्द हो निर्माण

नई टिहरी। नागरिक मंच, व्यापार मंडल, होटल एसोसिएशन समेत अन्य संगठनों की संयुक्त बैठक में मेडिकल कॉलेज की स्थापना नगर में करने, घुत्तू रीह ग्रेविटी पेयजल योजना का निर्माण से लेकर अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। कहा कि पुनर्वासित शहर नई टिहरी में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। कहा कि विधायक किशोर उपाध्याय ने टीएचडीसी के माध्यम से मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण की पहल कर सराहनीय कार्य किया है। बुधवार को सामुदायिक मिलन केंद्र बौराड़ी में मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पुरानी टिहरी डूबने के कारण नई टिहरी को बसाया गया था। लेकिन यहां कई समस्याएं अभी भी लंबित पड़ी है। शहर में सबसे बड़ी समस्या स्वास्थ्य सेवाओं की है। स्वास्थ्य की समस्याएं दूर करने के लिए नगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने नगर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए घुत्तू रीह ग्रेविटी पेयजल योजना बनाने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणा को जल्द पूरा करने की मांग की।

### प्रो. बौड़ाई तीसरी बार बने एसआरटी परिसर के निदेशक

नई टिहरी। प्रो. बौड़ाई एक जुलाई 2019 को पहली बार, एक जुलाई 2022 को दूसरी बार निदेशक बने थे। अपने कार्यकाल के दौरान प्रो. बौड़ाई ने टिहरी परिसर में शिक्षकों की नियुक्ति करवाने, खेल मैदान का नवनिर्माण, परिसर में गेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध करवाने, विज्ञान भवन और विज्ञान संकाय की विभिन्न प्रयोगशालाओं के निर्माण सहित परिसर की भूमि भवन परिसर के नाम करवाने में कार्य किया। प्रो. बौड़ाई ने कहा कि आगामी समय में परिसर में विभिन्न इंटीग्रेटेड कोर्स और अन्य रोजगार परख व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ करवाना, परिसर में शैक्षणिक सुविधाओं को और बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### मलबा आने से 6 घंटे बंद रहा मूलगढ़-हुलानाखाल मोटरमार्ग

नई टिहरी। घनसाली क्षेत्र में मंगलवार रात से हो रही बारिश के चलते सड़के बंद होने और भू-धंसाव के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि, लोक निर्माण विभाग में दोपहर तक सड़कों को हल्के वाहनों के लिए खोल दिया। क्षेत्र में लेकिन अभी भी बारिश की संभावना बनी हुई है। जिस कारण आपदाग्रस्त क्षेत्रों में लोग सहमे हुए है। बारिश के चलते मूलगढ़-हुलानाखाल मोटर मार्ग पर हुलानाखाल के पास भू-धंसाव होने से दो भारी भरकम चीड़ के पेड़ व मलबा सड़क आ गया।

# उत्तराखंड : केदारनाथ यात्रा फिर शुरू, हेली टिकट में 25% डिस्काउंट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग 08 अगस्त : केदारनाथ यात्रा फिर से पुन प्रारंभ होगी और सरकार ने यात्रियों के लिए हेली सेवाओं में 25 फीसदी की छूट देने की घोषणा की है। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर 31 जुलाई की रात भारी बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुआ, यह केवल एक स्थान पर नहीं बल्कि पूरे यात्रा मार्ग पर कई जगह पर हुआ। कई स्थानों पर 100 मीटर तक रास्ता वॉश आउट हो गया और कई तीर्थयात्री केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग पर फंस गए थे। तब से लगातार 6 दिन से यात्रियों का रेस्क्यू जारी है, जिसमें सरकार ने 5 हेलीकॉप्टर, MI-17 और चिनूक की सहायता ली है। आपदा के कारण केदारनाथ यात्रा पर रोक लगा दी गई थी, लेकिन अब सरकार ने 7 अगस्त से यात्रा फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है।

हालांकि यात्रा अब केवल हेलीकॉप्टर के माध्यम से ही की जा सकेगी। सीएम धामी ने रुद्रप्रयाग दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में बताया कि ‘‘जो श्रद्धालु पहले से टिकट बुक कर चुके हैं और उत्तराखंड में मौजूद हैं, उनके लिए यात्रा शुरू हो जाएगी। हम चाहते हैं कि यात्रा जल्दी शुरू हो, ताकि श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर सकें।

भक्त पिछले एक हफ्ते से भगवान से दूर हैं। जब तक सड़कें ठीक नहीं हो जातीं, तब तक श्रद्धालु केवल हेलीकॉप्टर से ही केदारनाथ धाम के दर्शन कर पाएंगे।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को बड़ी राहत देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश, हरिद्वार और रुद्रप्रयाग में केदारनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर किराए में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह छूट राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त अगले एक हफ्ते में श्रद्धालुओं को पैदल मार्ग से केदारनाथ भेजने की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रयास श्रद्धालुओं के मन से यात्रा की सुरक्षा के प्रति भय को समाप्त करने के लिए है। इस सफल रेस्क्यू का श्रेय उन एजेंसियों को जाता है जिन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का पालन बखूबी किया है।





# देहरादून : सितंबर में कम आएगा बिजली का बिल, इतने पैसे प्रति यूनिट तक घटे दाम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 08 अगस्त : यूपीसीएल ने अगस्त महीने के लिए फ्यूल एंड पावर परचेज कॉस्ट एडजस्टमेंट दरों का ऐलान किया है। इसके अनुसार बिजली बिल में 15 पैसे से लेकर 60 पैसे प्रति यूनिट तक की कमी की गई है। इसलिए अगले महीने आपके बिजली के बिल में राहत मिल सकती है।

अगले महीने के बिजली बिल में राहत की उम्मीद है। यूपीसीएल हर महीने बाजार से बिजली की खरीद करती है और इसका सीधा प्रभाव आपके बिल पर पड़ता है। महंगी बिजली खरीदने पर बिल में प्रति यूनिट लागत बढ़ जाती है, जबकि सस्ती बिजली की खरीद से बिल में कमी होती है। अगस्त के लिए FPPCA दरों की घोषणा के अनुसार सितंबर के बिल में प्रति यूनिट छूट दी जाएगी। केंद्र सरकार ने राज्य को गैर आवंटित कोटे से मिल रही 100 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की अवधि बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर पहले यह बिजली 31 जुलाई तक मिल रही थी। अब सीएम धामी के अनुरोध के बाद यह बिजली 30 सितंबर तक जारी रहेगी।





घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 15 से 41 पैसे तक की छूट मिलेगी। अघरेलू उपभोक्ताओं के लिए यह छूट 60 पैसे तक होगी। गवर्नमेंट पब्लिक यूटिलिटी के बिल में 56 पैसे की छूट मिलेगी, जबकि प्राइवेट ट्यूबवेल के बिल में 18 पैसे की कमी होगी। कृषि गतिविधियों के लिए प्रति यूनिट 26 पैसे की छूट होगी। एलटी और एचटी इंडस्ट्रीज के बिल में भी 56 पैसे की छूट मिलेगी। मिक्स लोड और रेलवे ट्रैक्शन के बिलों में 52 पैसे की छूट दी जाएगी, और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के बिल में 50 पैसे की छूट होगी।

## जोशीमठ पीजी कालेज में स्थापित हुआ उद्यमिता केन्द्र, अध्यनरत एवं पूर्व छात्रों को मिलेगा लाभ

चमोली। जोशीमठ के पीजी कालेज में देवभूमि उद्यमिता योजना उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत उद्यमिता केन्द्र की स्थापन कर दी गई है। अब जल्द यहां पर 40 वर्ष से कम आयु के युवाओं का पंजीकरण शुरू होने जा रहा है। जोशीमठ में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. एनएस रावत ने बताया कि केंद्र के माध्यम से महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राएं एवं 40 वर्ष से कम उम्र के भूतपूर्व छात्र छात्राएं जो स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं को फैकल्टी मेंटर, स्थानीय सफल उद्यमियों तथा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। इस दिशा में बेहतर कार्य करने वाले छात्रों एवं युवाओं को उनके स्टार्टअप में भी सहयोग दिया जाएगा। बताया कि महाविद्यालय जोशीमठ जल्द ही उद्यमिता केंद्र को एक्सीलेंस सेंटर के रूप में विकसित करेगा ।

## खेत में काम रह रही महिला की करंट लगने से मौत

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक के ज्यालसी मुंदणी निवासी एक महिला के विद्युत पोल से करंट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई है। महिला अपने खेत में निराई गुडाई करने गई थी। लेकिन खेत में खड़े विद्युत पोल पर करंट दौड़ने से हादसा हो गया है। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। ज्यालसी मुंदणी निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी जयपाल सिंह रावत उम्र 42 वर्ष अपने खेत में काम करने गई थी। लेकिन खेत के पास में लगे बिजली के पोल पर करंट दौड़ गया। जिस कारण महिला करंट की चपेट में आ गई। जिससे महिला बुरी तरह झुलस गई। दूसरे खेतों में काम कर रहे अन्य लोगों को पता लगाते हुए उन्होंने परिजनों को सूचना दी। साथ ही बिजली विभाग को भी सूचना दी। परिजनों के मौके पर पहुंचने से पहले ही महिला की मौत हो गई थी। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया।

## श्रम अधिकारी रोस्टर बनाकर निपटाएं काम काम

नई टिहरी। जिले के लोगों की समस्याओं को देखते हुए अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी पिंकी टम्टा को निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार टिहरी जिले में कार्य कराएं। एडीएम के निर्देश पर उन्होंने इस माह का रोस्टर जारी कर दिया है। जिसके तहत अगस्त के पहले सप्ताह में ऋषिकेश कार्यालय, दूसरे सप्ताह में वह टिहरी जिले में रहकर श्रमिकों की समस्याएं हल करेंगी। जबकि तृतीय सप्ताह में ऋषिकेश कार्यालय क्षेत्र में रहेंगी।

## आईटीआई देवप्रयाग को मिलेगा अपना भवन

नई टिहरी। विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि उनकी ओर से देवप्रयाग आईटीआई के नये भवन निर्माण का प्रस्ताव मंत्री सौरभ बहुगुणा को दिया गया था। जिस पर मंत्री बहुगुणा ने नये भवन के निर्माण की स्वीकृति देते हुए इसके वित्तीय पोषण का प्रस्ताव नाबार्ड को भेज दिया है। 1992 में देवप्रयाग में आईटीआई की शुरुआत की गयी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### आरटीओ कर्मचारियों की हड़ताल से काम ठप

पौड़ी। उत्तराखंड परिवहन मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ ने रुद्रप्रयाग हादसे के बाद निलंबित कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर बुधवार को आरटीओ कार्यालय में कार्यबहिष्कार कर धरना दिया। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से आरटीओ कार्यालय में दिनभर लोगों के काम नहीं हो पाए। लोगों को बिना काम कराए निराश होकर लौटना पड़ा। आरटीओ कार्यालय में कार्य बहिष्कार कर धरना देते हुए संघ की जिलाध्यक्ष मीरा रावत ने कहा कि रुद्रप्रयाग हादसे के बाद विभागीय कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। जो कि सही नहीं था। इससे विभागीय मिनिस्टीरियल कर्मचारियों में नाराजगी है। उच्चाधिकारियों ने बहाली का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक निलंबित कर्मचारियों को बहाल नही किया गया है।

### पौड़ी परिसर में तालेबंदी कर की नारेबाजी

पौड़ी। हेमवती नंदन गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीजीआर परिसर पौड़ी में बुधवार को छात्रसंघ पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के हल की मांग को लेकर प्रशासनिक भवन में तालेबंदी की। इस दौरान आक्रोशित छात्र नेताओं ने विवि प्रशासन पर लंबे समय से समस्याओं को दूर करने के बजाय कोरे आश्वासन देने का आरोप लगाया। बुधवार को प्रशासनिक भवन में तालेबंदी के दौरान छात्रनेताओं ने धरना देते हुए विवि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र संघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने कहा कि पौड़ी परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए बसों का संचालन, डिप्टी रजिस्ट्रार असिस्टेंट रजिस्ट्रार की नियुक्ति, खेलने के लिए वॉलीबॉल मैदान व बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण, प्रोफेशनल कोर्स बीबीए, एमबीए, बीए एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी वानिकी व बीपीएड कोर्स का संचालन करवाने की लंबे समय से मांग की जा रही है। परिसर में 2015 से बीकॉम संचालित किया जा रहा है, लेकिन एमकॉम करने के लिए छात्रों को मुक्त विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय में दाखिला लेना पड़ता है। उन्होंने परिसर में एमकॉम कोर्स संचालित करवाने व सीयूईटी के रिजल्ट में हो रहे विलंब को देखते हुए प्रथम वर्ष के दाखिले मेरिट के आधार पर करवाने की मांग भी की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विवि प्रशासन द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो 12 अगस्त से परिसर के मुख्य गेट पर तालेबंदी कर पूरा परिसर बंद कर दिया जाएगा। वहीं, परिसर निदेशक प्रो.यूसी गैरोला ने बताया कि छात्रों की मांगों को लेकर लगातार उच्चाधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। इस मौके पर लवीश नेगी, खुशी, रिया, मानसी, हिमांशु, सागर, मानसी सिंह, ऋषभ बलूनी, आदि शामिल रहे।

### स्कूल से गैरहाजिर शिक्षक निलंबित

पौड़ी। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा नागेन्द्र बर्तवाल ने बताया कि बीरोंखाल ब्लाक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवीखाल कोठा में बीते मंगलवार को ताले लटके रहने का मामला सामने आया था। स्कूल में बच्चों के आने और कक्षों में ताले लटके होने का एक वीडियो सोशल मीडिया में भी प्रसारित हुआ। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी बीरोंखाल ने जांच करते हुए पाया कि स्कूल की प्रधानाध्यापिका अवकाश पर थी। जबकि औपबंधिक शिक्षक कार्य दिवस पर स्कूल में नहीं आए। डीईओ ने कहा कि बिना अवकाश स्वीकृत कराए औपबंधिक शिक्षक का स्कूल में अनुपस्थित रहना गंभीर मामला है। जिससे बच्चों के पठन-पाठन पर बुरा असर पड़ता है। बताया कि मामले में बीईओ की रिपोर्ट पर स्कूल के औपबंधिक शिक्षक को निलंबित कर उप शिक्षा अधिकारी बीरोंखाल के कार्यालय में संबद्ध कर दिया गया है। मामले में उप शिक्षा अधिकारी बीरोंखाल को 15 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### टेली फिल्म के माध्यम से नशे के प्रति छात्रों को जागरूक

पौड़ी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के निर्देशन में बुधवार को टेली फिल्म के माध्यम से पंचायत क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। राजकीय महाविद्यालय, राजकीय आदर्श इंटर कालेज व मॉर्डन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अभिनेता हेमंत पांडे, जुबिन नौटियाल, लक्ष्य सेन व अर्चना पूरन सिंह ने टेलीफिल्म के जरिए नशे के खिलाफ जागरुक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा ने भी छात्राओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

# कौन थे मसीह-उल-मुल्क स्वतन्त्रता सेनानी हकीम अजमल खान ?

## स्वतंत्रता दिवस पर कीजिये सेनानियों को सलाम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 अगस्त , गरीबों का फ्री ईलाज करने वाले और अमीरों से फीस लेने वाले,आजादी की जंग लड़ने वाले स्वतन्त्रता सेनानी हकीम अजमल खान को 1908 में हाजिक-उल-मुल्क यानी राष्ट्र को मरहम लगाने वाला उपाधि दी गई थी। 1915 में ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें कैसर-ए-हिंद की उपाधि दी। उन्होंने दोनों ही उपाधि लौटा दी। उनके अच्छे कार्यों की वजह से उन्हें मसीहा-ए-हिंद कहा गया ,1910 में भारत सरकार यानी अंग्रेज हुकुमत ने हकीमों और वैद्यों की आयुर्वेद और यूनानी प्रोफेशनल मान्यता को वापस लेने का प्रस्ताव सामने रख दिया ऐसे में हकीम अजमल खान को लगा कि हुकुमत का यह फैसला भारत के डॉक्टरी सिस्टम को खत्म कर देगा । उन्होंने हकीमों और वैद्यों से सरकार के पेश किए गए बिल के खिलाफ एकजुट होने की अपील की । और आखिरकार अंग्रेज़ी हुकूमत को झुकना पड़ा था और प्रस्ताव वापस लेना पड़ा था ।

ये पहला मौका था जब वो अंग्रेजी

**■ इस कड़ी में पढ़िए एक हक़ीम की शानदार कहानी**

हुकुमत के खिलाफ खुलकर सामने आए । उसी दौरान इटली ने त्रिपोली पर अटैक कर दिया । त्रिपोली नार्थ लेबनान का बेयरुत के बाद सबसे बड़ा शहर है ।अंग्रेजों ने उस तरफ ध्यान नहीं दिया और उदासीन रुख अपनाया । इस पर भारतीय मुसलमानों ने नाराजगी दिखाई और एकजुट होना शुरू कर दिया । अजमल खान ने खुद को इस आंदोलन में झोंक दिया । इसी दौरान फर्स्ट वर्ल्ड वॉर शुरू हो गया । और इंडियन पॉलिटिक्स पर विराम लग गया । लेकिन तुर्की के इस वॉर में शामिल होने से हालात बदल गए । बहुत से मुस्लिम लीडरों को गिरफ्तार कर लिया गया था । हकीम अजमल खान बहुत से अन्य इंडियंस की तरह वॉर में अंग्रेजी हुकुमत का साथ दे रहे थे । लेकिन मुस्लिम नेताओं की बड़े लेवल पर हुई गिरफ़तारी ने उनको सरकार का साथ छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया ।

1918 में हकीम अजमल खान कांग्रेस में शामिल हो गए । हकीम साहब के पॉलिटिक्स में शामिल होते ही पुश्तैनी घर, जो आज भी बल्लीमारान में शरीफ मंज़िल के नाम से मौजूद है, पॉलिटिक्स का अड्डा बन गया । और हकीम आजादी के दीवाने बनते गए । हकीम साहब की प्लानिंग के मुताबिक 30 मार्च, 1919 को दिल्ली में सबसे बड़ी हड़ताल हुई थी । इसे कामयाब बनाने के लिए बाकी नेताओं ने उनकी तारीफ की । आजादी के संघर्ष ने 'स्वामीभक्त' अजमल खान को 'विद्रोही' अजमल खान में बदल कर रख दिया , 1920 में उन्होंने अपनी उस उपाधि को ठुकरा दिया, जो अंग्रेज हुकुमत ने दी थी । इस फैसले का भारतीय लोगों सम्मान किया और उनको मसीह-उल-मुल्क (देश को बीमारी से बचाने वाला) की उपाधि से नवाजा।

# डीएम खुराना ने बद्रीनाथ मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों और यात्रा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



चमोली। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए बदरीनाथ महायोजना का काम लगातार जारी है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को बद्रीनाथ पहुंच कर मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि बरसात के कारण जो कार्य प्रभावित हुए है, उनमें तेजी लाई जाए। तीर्थपुरोहितों के अधिकतर आवासीय भवनों का निर्माण कार्य इसी सीजन में पूरा करें। सिविक एमिनिटी सेंटर, अराइवल प्लाजा और रिवरफ्रंट के अवशेष निर्माण कार्यो में भी तेजी लाए। कही पर कोई भी समस्या हो तो तत्काल संज्ञान में लाया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ में नदी के दोनों किनारों पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यो सहित सिविक एमिनिटी सेंटर, अराइवल प्लाजा, आईएसबीटी, हॉस्पिटल, तीर्थ पुरोहित आवासीय भवन निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने धाम में स्वच्छता एवं साफ सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सीएस वशिष्ठ, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, जिला पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पांडेय, ईओ सुनील पुरोहित एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

महायोजना के तहत बद्रीनाथ धाम को आध्यात्मिक हिल टाउन के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसमें भविष्य में यात्रियों की क्षमता एवं आवश्यकता को देखते हुए चरणबद्ध तरीके से मास्टर प्लान के कार्य किए जा रहे है। इस प्रोजेक्ट के तहत धार्मिक पर्यटन सुविधाएं विकसित होने से बद्रीनाथ धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अध्यात्म की अनुभूति के साथ बेहतर अनुभव प्राप्त होंगे। साथ ही प्रोजेक्ट के पूरा होने पर स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

बदरीनाथ मास्टर प्लान के पहले चरण में शेष नेत्र व बद्रीश झील का सौंदर्यीकरण, लूप रोड, बीआरओ बाईपास सहित स्ट्रीट लाइट लगाने का काम पूरा हो गया है, जबकि रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, अस्पताल विस्तार, बहुउद्देश्यीय और आगंतुक भवन का काम अंतिम चरण में है। तीर्थ पुरोहितों के आवासीय भवनों का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। दूसरे चरण में बद्रीनाथ मुख्य मंदिर के आसपास के क्षेत्र का विकास, तीसरे चरण में मंदिर को झील से जोड़ने का काम किया जाना है।

## बदरीनाथ में नर नारायण उत्सव कल से

चमोली। बदरीनाथ धाम में भगवान नर नारायण पर्व 9 अगस्त से दो दिन तक मनाया जाएगा। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि भगवान नर-नारायण के जन्म उत्सव के अवसर पर पहले दिन 9 अगस्त को श्री बदरीनाथ मंदिर में बाल भोग के पश्चात भगवान नर-नारायण की विग्रह डोली माता मूर्ति मंदिर पहुंचेगी। पूजा-अर्चना पश्चात देव डोली वापस श्री बदरीनाथ मंदिर पहुंचेगी। मान्यता है कि भगवान विष्णु के अवतार नर-नारायण ने श्री बदरीनाथ धाम में तपस्या की तथा सहस्रकवच दैत्य के अत्याचार से मुक्त किया। 10 अगस्त शनिवार को भगवान नर नारायण भगवान की विग्रह मूर्तियां बदरीविशाल के जन्मस्थल लीला ढुंगी पहुंचेंगी जहां धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल तथा वेदपाठी रविंद्र भट्ट भगवान नर-नारायण का अभिषेक संपन्न करेंगे। इसके पश्चात भगवान नर-नारायण श्री बदरीनाथ धाम का भ्रमण करेंगे। इसके पश्चात भगवान नर-नारायण बदरीनाथ मंदिर परिसर में वापस विराजमान हो जायेंगे। इसी के साथ ही श्री नर-नारायण जयंती का समापन हो जाएगा। इस अवसर पर मंदिर समिति पदाधिकारी, अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

## ग्राम प्रधान की गौशाला में कैल की लकड़ी बरामद

चमोली। दरीनाथ वन प्रभाग के अन्तर्गत नन्दप्रयाग रेंज में वन विभाग ने कैल की बहुमूल्य ईमारती लकड़ियां पकड़ी हैं। बेशकीमती लकड़ियां नंदानगर में कनौल प्राणमति गांव के लैटाला तोंक में एक व्यक्ति की गौशाला के अंदर मिला है। वन विभाग के द्वारा खच्चरों और गाड़ियों की मदद से बरामद सभी लकड़ियों को रेंज कार्यालय नंदप्रयाग लाया गया हैं। जहां बरामद लकड़ियों को तस्करी की आशंका जताते हुए सील किया गया हैं। बदरीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश कुमार दुबे ने बुधवार को बताया कि कनोल गांव के जंगलों में बीतें दिनों आग लगने के कारण कुछ पेड़ जल कर गिर गए थे। इन लकड़ियों का चिरान कर गांव की ग्राम प्रधान ने किसी की गौशाला में रखवा दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर बरामद लकड़ियों को सील किया हैं। साथ ही ग्राम प्रधान के ऊपर वन विभाग के द्वारा एक लाख चार हजार पांच रुपये का जुर्माना किया गया। ग्राम प्रधान ने जुर्माने की रकम जमा कर दी है।

## भाजपा कार्यालय का छज्जा गिरा

चमोली। बुधवार सुबह भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय का छज्जा और छत की रैलिंग भरभरा कर गिर गई। गनीमत यह रही कि उस दौरान कार्यालय में कोई नहीं था। भाजपा का जिला कार्यालय गोपेश्वर नगर के ग्वींलो क्षेत्र में स्थित है। प्रदेश में बने भाजपा के भव्य जिला कार्यालयों में चमोली जिले का जिला कार्यालय भी है। जो नवीनतम संसाधनों से युक्त है। बुधवार को गोपेश्वर भाजपा जिला कार्यालय का छज्जा और छत की रैलिंग टूटने की खबर से आस पास के इलाकों के लोग जमा हो गए। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने बताया कि बरसात से कार्यालय का छज्जा और छत की रैलिंग को आंशिक नुकसान हुआ।

## कंबल और छाता न मिलने पर श्रमिक भड़के

चमोली। श्रम विभाग गोपेश्वर में मंगलवार को कंबल और छाता लेने पहुंचे श्रमिकों ने सामग्री न मिलने पर श्रम विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। श्रम कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए लोगों ने श्रम विभाग में वितरित हो रही सामग्री की जांच की मांग उठाई। श्रमिकों ने कहा कि पिछले कई महीनों से जनपद के श्रमिकों को श्रम प्रवर्तन बोर्ड द्वारा कंबल और छाते दिए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अव्वल छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

पौड़ी। बुधवार को विधायक राजकुमार पोरी ने कारगिल शहीद धर्म सिंह राजकीय इंटर कॉलेज कल्जीखाल में मेद्यावी छात्र सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा में कल्जीखाल ब्लॉक के अव्वल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रभारी मुख्यशिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल, बीईओ कल्जीखाल संजय कुमार, प्रधानाचार्य श्रवण रावत, जयदीप रावत, सीताराम पोखरियाल, अर्जुन पटवाल, भारत भूषण, सुभाष रावत, राकेश रावत मौजूद रहे।

### डीएम ने की प्रत्येक मतदेय स्थल हेतुय बीएलए नामित करने के संबंध में राजनैतिक दलों संग बैठक

चमोली। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए बीएलए नामित करने के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने हेतु मतदेय स्थलवार बीएलए की नियुक्ति करते हुए सूची निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। अपर जिला अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचक नामावली 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी । बताया कि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने हेतु वर्ष में चार 01 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर निर्धारित की गयी हैं। निर्धारित तिथियों में बीएलओ द्वारा प्रारूप 6, 6क, 7 एवं 8 संबंधित मतदाताओं से प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही बीएलओ द्वारा अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को चिन्हित किया जाएगा। तत्पश्चात ऐसे मतदाताओं के नाम हटाने की कार्यवाही की जाएगी। बीएलओ द्वारा ऐसे नागरिक जो दिनांक 01 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हों या पूर्ण कर चुके हैं उनके नाम सूची में दर्ज किए जाएंगे प्रवासी मतदाताओं के लिए 6क भरा जाएगा तथा नाम संसोधित करने, दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने, एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा क्षेत्र में नाम समिलित करने के लिए प्रारूप 8 पर दावे आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि तीनों विधानसभाओं में 592 बीएलओ की तैनाती की गयी है।

### शिक्षक तैनात नहीं किए तो बारह से अनशन करेंगे

चमोली। प्रभारी प्रधानाचार्य नंदा बल्लभ देवराडी के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन भेज कर शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि अगर ग्यारह अगस्त तक अध्यापकों की तैनाती नहीं होती है तो 12 अगस्त से सभी अभिभावक विद्यालय में प्रधानाचार्य कार्यालय मे कर्मिक अनशन करने को मजबूर होंगे । अभिभावक संघ के अध्यक्ष ने कहा अटल उत्कृष्ट विद्यालय होने के बाद भी शिक्षा विभाग की ओर से एक साथ प्रवक्ता जीव विज्ञान, गणित, संस्कृत और माध्यमिक में गणित और कृषि विज्ञान के अध्यापकों का स्थानांतरण कर दिया । जिस कारण यहां पढ़ रहे 215 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। ज्ञापन में रघुवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, कुंवर सिंह, महेंद्र सिंह, संगीता देवी ,मनीषा देवी, आरती देवी, उदय सिंह ,सुरेंद्र सिंह, मेहरबान राम आदि के हस्ताक्षर हैं।

### कार के उपर गिरे बोल्डर

चमोली। गोपेश्वर बदरीनाथ हाईवे गौचर-कमेड़ा में पहाड़ी से लगातार आ रहे बोल्डरों के कारण बुधवार को बार-बार बाधित रहा। जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती रही। इस दौरान कर्णप्रयाग से ऋषिकेश की ओर जा रही कार के ऊपर अचानक बोल्डर आ गिरे। जिससे बड़ी अनहोनी होने से बच गई। कार में बैठे लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ। कार के ऊपर पत्थर गिरने से लोगों ने इधर उधर भागकर जान बचाई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दकिशोर जोशी ने बताया मौके पर मौजूद मशीनों से बोल्डरों को हटाया जा रहा है। बुधवार को बदरीनाथ हाइवे नन्दप्रयाग में दो घंटे से अधिक समय तक बाधित रहा। गौचर कमेड़ा में बदरीनाथ बुधवार समय 9.30 पर मलबा आने से बंद हो गया। मौके पर मशीनों से लगातार कार्य करने के बाद कमेड़ा में हाइवे सुचारू किया गया। एक घंटे के बाद फिर हाइवे पर फिर बोल्डर आने से कुछ समय के लिए यातायात थम गया। बुधवार को चमोली जिले में 32 ग्रामीण सड़कें बंद रही। 11 केवी के बीच लाइन में फाल्ट आने से बुधवार को बदरीनाथ और माणा की विद्युत आपूर्ति बाधित रहीं। विद्युत विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया विद्युत लाइन में आये फाल्ट को ठीक किया जा रहा है।

### थराली में ठेकेदारों का अनिश्चकालीन धरना शुरू

चमोली। सिंचाई खंड थराली में स्थाई अधिशासी अभियंता की नियुक्ति एवं खंड में विगत 3 वर्षों में किए गए कार्यों की एसआईटी जांच की मांग को लेकर राजकीय ठेकेदार संगठन का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो गया है। ठेकेदारों का कहना है कि यदि उनकी मांगे नहीं मांगी गई तो वह आंदोलन को तेज करने के लिए बाध्य होंगे। पूर्व से ही निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजकीय ठेकेदार संघ से जुड़े हुए ठेकेदार थराली के राडीबगड़ में एकत्रित हुई।

# उत्तराखंड के ट्रैक ऑफ द ईयर : सिनला पास और खूबसूरत सरुताल बुग्याल, 2 सितंबर से पर्यटन शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी 08 अगस्त : पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज और पर्यटन विभाग सितंबर में ट्रेक ऑफ द ईयर 2024 का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे। पर्यटन विभाग 2 सितंबर से 30 नवंबर तक इस क्षेत्र में विभिन्न पर्यटन गतिविधियों का आयोजन करेगा। धारचूला तहसील के अंतर्गत व्यास और दारमा घाटियों को करीब 18 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित सिनला पास जोड़ता है। इस बर्फीले क्षेत्र में पार्वती कुंड, गौरीकुंड, आदि कैलाश, ऊं पर्वत और पंचाचूली बेस कैंप जैसे खूबसूरत स्थल हैं।

पिथौरागढ़ में स्थित ये दोनों घाटियां अपने ग्लेशियरों और बुग्यालों के लिए प्रसिद्ध हैं। यह 37 किलोमीटर लंबा ट्रेक दारमा घाटी के बिदांग गांव से शुरू होता है और कठिन चढ़ाई के बाद 5600 मीटर की ऊंचाई पार कर व्यास वैली में स्थित प्रसिद्ध आदि कैलाश पर्वत तक पहुंचता है। इस ट्रैक के दौरान दिखने वाले नजारे बेहद





अद्भुत हैं, इसलिए इसे ट्रेक ऑफ द ईयर घोषित किया गया है। एवरेस्ट विजेता शीतल राज सहित कई अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही वर्ष भर बर्फ से ढके रहने वाले इस दर्रे को पार कर चुके हैं। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि सिनला पास में ट्रेकिंग के लिए देशभर से ट्रेकिंग दलों को आमंत्रित किया गया है। यहां आने वाले ट्रेकर्स पक्षियों के अनूठे संसार का भी आनंद ले सकेंगे। ट्रेकिंग आयोजित करने वाले टूर ऑपरेटरों को 2000 रुपये प्रति ट्रेकर की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

जनपद उत्तरकाशी में स्थित सरुताल बुग्याल एक ख़ूबसूरत उच्च हिमालीय घास का मैदान है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह एक स्वर्ग जैसा है। यहां पहुंचने के लिए आपको घने जंगलों और चुनौतीपूर्ण पहाड़ी रास्तों से गुजरना पड़ता है, लेकिन एक बार पहुंचने पर हिमालय की शानदार चोटियों का नज़ारा आपको मंत्रमुग्ध कर देगा। यह गोविंद वन्यजीव विहार में 3,900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जहां बुग्यालों के बीच सरूताल झील है, जो चारों ओर से चोटियों से घिरी हुई है। सरूताल से स्वर्गारोहिणी, बंदरपूंछ, काली चोटी और अन्य बर्फीली पर्वत श्रृंखलाओं का शानदार दृश्य देखा जा सकता है। इससे पहले भी उत्तरकाशी जिले में चाईंशील बुग्याल, हरकीदून, दयारा बुग्याल और देवक्यारा को ट्रैक ऑफ द ईयर घोषित किया जा चुका है।

## कार सर्विस सेंटर से लाखों के स्पेयर पार्ट गायब

देहरादून। कार सर्विस सेंटर से लाखों रुपये के पार्ट गायब हो गए। ऑडिट में यह मामला पकड़ लिया गया। मामले में सेंटर प्रबंधक समेत तीन आरोपियों के खिलाफ क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसओ क्लेमनटाउन दीपक धारीवाल ने बताया कि बीएम ऑटो सेल्स के सर्विस विंग के महाप्रबंधक सचिन अजमानी ने तहरीर दी। बताया कि उनका बीएम ऑटो सेल्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक सेंटर सुभाष नगर, मोहब्बेवाला में है। वहां वाहनों के नए पार्ट्स रखे जाते हैं। यहां प्रबंधक की जिम्मेदारी दिनेश चंद पुत्र प्रेम चंद निवासी चंद्रबनी रोड, यमुना एंक्लेव के सामने फेस नंबर 2, सेवला कलां, सहायक प्रबंधक की जिम्मेदारी प्रदीप पुत्र हरबंसलाल निवासी ओगल भट्टा, क्लेमनटाउन और सामान उठाकर देने की जिम्मेदारी नरेंद्र सिंह पुत्र भरत सिंह पुंडीर निवासी तृप्ति एंक्लेव, मेहूंवाला, निकट गैस गोदाम के पास है। तीनों इस सेंटर में स्पेयर पार्ट विभाग में पार्ट्स बिक्री आदी का पूरा हिसाब किताब रखते हैं। बीते दिनों शोरूम का ऑडिट हुआ। इस दौरान 8.13 लाख रुपये का इंजन ऑयल और अन्य पार्ट गायब मिले। ऑडिट टीम ने तीनों का स्पष्टीकरण मांगा। आरोप है कि इस दौरान प्रदीप ने कंपनी के महाप्रबंधक को आत्महत्या करने की धमकी दी। एसओ दीपक धारीवाल ने बताया कि मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ पार्ट गायब करने को लेकर केस दर्ज किया गया है। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच करेगी।

## परिवहन कर्मचारियों के समर्थन में आए कई संगठन

देहरादून। उत्तराखंड में परिवहन विभाग के मिनिस्ट्रीयल और प्रवर्तन कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलन को विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने समर्थन दिया। आंदोलित कर्मचारियों ने चारधाम यात्रा ड्यूटी के दौरान सस्पेंड किए चार कर्मचारियों को जल्द बहाल करने की मांग की है। देहरादून में कर्मचारियों ने आरटीओ परिसर में धरना दिया। यहां राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडेय ने कर्मचारियों को पूरा सहयोग और समर्थन देने की बात कही। सांख्यिकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप पांडेय ने कर्मचारियों के निलंबन को अनुचित ठहराया। उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री अशोकराज उनियाल और संरक्षक पंचम बिष्ट ने भी आंदोलन का समर्थन किया। इस मौके पर प्रवर्तन कर्मचारी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज, सचिव प्रदेश कार्यकारिणी आनंद रतूड़ी, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, जिला सचिव विरेंद्र, प्रकाश सेमवाल, कपिल प्रसाद, दीपक नौटियाल, आदर्श, आनंद रावत, विकम, जितेंद्र, आनंद असवाल, नरेश नेगी, प्रदेश सचिव विनोद चमोली, जिलाध्यक्ष बृजमोहन रावत, देवेंद्र मनवाल, मनोज भंडारी, अमित गुप्ता, देवेंद्र रावत, सुरेखा, निकिता गुसाईं आदि मौजूद रहे।

## स्तनपान पर महिलाओं को किया जागरूक

देहरादून। दून अस्पताल में स्तनपान सप्ताह के समापन पर बुधवार को वार्ड नंबर 12 में महिला मरीजों को स्तनपान के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें किट भी बांटी गई। डॉक्टरों ने महिलाओं को स्तनपान का महत्व बताया। कहा कि स्तनपान से महिलाओं एवं बच्चों की सेहत अच्छी रहती है। इस दौरान डॉ. मीनाक्षी, डॉ. संध्या, डॉ. हिमानी, सुनीता, गंगा, शाजमीन, काउंसलर रजनी भाटिया आदि मौजूद रहे।

## कारगी में समस्याओं का अंबार

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री व पूर्व राज्यमंत्री नवीन जोशी ने जन संवाद कार्यक्रम के तहत बुधवार को कारगी स्थित वार्ड नंबर 84 के बस्ती में जाकर लोगों की समस्याओं को सुना और जायजा लिया। लोगों ने बताया कि कई बार नगर निगम में शिकायत के बाद भी नालों की सफाई नहीं हो रही है। जलभराव की समस्या गंभीर बनी है। मोहल्ले में पक्की सड़कें नहीं बन पा रही है। बुखार से कई लोग बीमार हो रहे हैं। काफी लोगों के नाम वोटर लिस्ट से गायब है। नालों का पानी घर में आ रहा है। जोशी ने अफसरों को फोन कर समस्या समाधान को कहा। इस दौरान आशीष नौटियाल, अमन उज्जैनवाल लड्डू, मोहम्मद इस्लाम, नावेद अली, सावेज, शाहिद, मनीष कुमार, देवानन्द मैथानी, धीरज शाही, निधि नेगी आदि मौजूद रहे।

## हरियाली तीज में मचाया धमाल

देहरादून। ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन ने भारुवाला ग्रांट वार्ड 79, राजीव कॉलोनी में हरियाली तीज मनाई। महिलाओं को मेहंदी लगाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाओं ने धमाल मचाया। भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## रेसकोर्स में विधायक ने किया साइकिल ट्रैक का शिलान्यास

देहरादून। राजपुर रोड विधायक खजान दस ने बुधवार को रेसकोर्स में तीन करोड़ की योजना का शिलान्यास किया है। इसमें साइकिल ट्रेक के साथ ही अन्य काम होंगे। विधायक खजानदास बताया कि नगर निगम की केंद्र पोषित (एनसीएपी) राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम परियोजना के तहत स्वीकृत साकिल ट्रेक, वॉक-वे, नाली निर्माण और सौन्दर्यीकरण कार्य होंगे। कहा कि इसमें सूरी चौक से दून वेल स्कूल तक 600 मीटर साइकिल ट्रैक, कंपानी चौक से धोबी चौक, पीएनबी चौक से गुरू गोविंद सिंह चौक होते हुए दामिनी चौक तक मार्ग के दोनों ओर शोल्डर ग्रास पेंट लगाकर पेंटिग का कार्य, बन्नू स्कूल से गुरु गोविंद सिंह चौक होते हुए दून वैली स्कूल तक नालियों का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष सरदार बलबीर सिंह साहनी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम अशोक वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पुरी, भाजपा स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ उत्तराखंड के सह संयोजक विशाल गुप्ता, निवर्तमान पार्षद सरदार देवेंद्र पाल मोंटी, रोहन चंदेल, मंडल अध्यक्ष भाजपा करनपुर राहुल लारा, ऋतु मित्रा आदि मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ रहे लोग: निशंक

हरिद्वार। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान से लोग जुड़ रहे हैं। संकल्प के साथ आमजन प्रकृति को हरा भरा बनाने में जुटे हुए हैं। कहा कि सभी संगठनों को अभियान से जुड़ना होगा, तभी हम प्रकृति का संरक्षण कर सकते हैं। हरियाली तीज के मौके पर पूर्व अध्यक्ष मंडी समिति संजय चोपड़ा के संयोजन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत को चंडीघाट चौराहा मार्ग पर स्वतंत्रता सेनानी पार्क में पौधरोपण किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. निशंक ने फलदार पौधे लगाए। संजय चोपड़ा ने कहा कि पिछले साल केंद्र और राज्य सरकार के संरक्षण में एचआरडीए और नगर निगम ने शहर के सभी चौक चौराहों पर शहीदों स्वतंत्रता सेनानियों की याद में छोटे पार्क बनवाए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### यति नरसिंहानंद ने बांग्लादेश में नरसंहार पर दुख जताया

हरिद्वार। शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने माया देवी मंदिर में दर्शन कर पूजा की। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदू नरसंहार पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने एक वीडियों जारी कर कहा कि बांलादेश पर भयंकर नरसंहार पर हिंदुओं का मौन रहना दुखद है। कहा कि इस मामले में विश्व के गैर मुस्लिम देशों के राष्ट्राध्यक्षों को पत्र लिखकर उनसे सावधान रहने का निवेदन करेंगे। विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ उदिता त्यागी ने भी सभी धर्मगुरुओं से धर्म का पक्ष लेने का आग्रह किया। कहा कि उन्हें गैर मुस्लिम धर्मगुरुओं से सम्पर्क कर सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिए ठोस पहल करनी चाहिए। इस मौके पर जूना अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहन्त महेश पुरी, कोठारी थानापति श्रीमहन्त महाकाल गिरी, श्रीमहन्त सुरेशानंद सरस्वती, महंत हीरा भारती, महंत रतन गिरी, महंत गौतम गिरी, विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ उदिता त्यागी, यति रामस्वरूपानंद, यति नित्यानंद, यति रणसिंहानन्द, यति अभयानंद आदि मौजूद रहे।

### चेन लूट में पुलिस ने लिखा मुकदमा, सीसीटीवी से तलाश शुरू

हरिद्वार। कनखल में घर के अंदर घुसकर महिला के गले से चेन लूट मामले में पुलिस ने अज्ञात में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। इनमेंलिस को कुछ सुबूत भी मिले हैं पुलिस के अनुसार, मंगलवार की सुबह कृष्णा नगर कॉलोनी में रहने वाली मोहिनी गंभीर पत्नी स्वर्गीय देवेंद्र गंभीर अपने घर के पास बनी दुकान पर सामान लेने गई थी। वह सामान लेकर लौट रही थी। गेट को खोलकर घर के अंदर पहुंचते ही पीछे से आए एक युवक ने गले पर झपट्टा मारकर चेन छीन ली थी। महिला ने विरोध भी किया, लेकिन आरोपी सोने की आधी चेन तोड़कर भाग निकला। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर भावना कैंथोला ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

### वैश्य बंधु समाज की तीज क्वीन बनी शालू गर्ग

हरिद्वार। वैश्य बंधु समाज मध्य हरिद्वार की ओर से बुधवार को तीज महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगत सिंह चौक समीप होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक नरेश रानी गर्ग ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शालू गर्ग को तीज क्वीन चुना गया। संरक्षक नरेश रानी गर्ग ने सभी महिलाओं को तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीज पर्व संस्कृति और परंपरांओं का सम्मान करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि तीज पर्व पर महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती के निमित्त व्रत रखकर पति की लंबी उम्र और परिवार के लिए मंगल कामना करती हैं। उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

### पॉड टैक्सी पर रोक पर आभार जताया

हरिद्वार। शहर में प्रस्तावित पॉड टैक्सी कार पर फिलहाल रोक लगने के बाद व्यापारियों और भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत और विधायक मदन कौशिक का आभार जताया। साथ ही भाजपा नेताओं ने इस मुद्दे को लेकर संघर्षरत व्यापारी नेता सुनील सेठी का पटका पहनाकर स्वागत किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी, मंडल अध्यक्ष तरुण नैय्यर और अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि पॉड टैक्सी परियोजना पर रोक लगने के बाद व्यापारियों में खुशी है, क्योंकि परियोजना जनभावनाओं के अनुरूप नहीं बन रही थी। इससे व्यापारियों को नुकसान की आशंका भी बनी हुई थी। कहा कि व्यापारियों और जन भावनाओं का सम्मान कर विधायक मदन कौशिक ने मुख्यमंत्री धामी से वार्ता कर योजना पर रोक लगाने की मांग की थी।


### बारिश से मौसम सुहावना

हरिद्वार। शहर में बुधवार तड़के बारिश से मौसम सुहावना हो गया। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार शहर में छह एमएम बारिश दर्ज हुई। बुधवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई। मंगलवार को धर्मनगरी में अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। जो बुधवार को घट कर अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# Haj Yatra 2025 : अब 18 से 65 वर्ष तक के लोग ही जा सकेंगे हज, नई पॉलिसी जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 08 अगस्त : हज यात्रा 2025 के लिए पालिसी जारी हो गई है। इस बार 18 से 65 वर्ष तक के लोग ही यात्रा पर जा सकेंगे। 65 वर्ष वालों को अपने साथ एक सहयोगी को ले जाना पड़ेगा। इस बार चार की जगह पांच-पांच सदस्यों के ग्रुप बनाए जाएंगे। उम्मीद की जा रही है कि आवेदन प्रक्रिया इसी सप्ताह से शुरू हो जाएगी। इस वर्ष हज यात्रा हुए मात्र डेढ़ महीना बीता है। ऐसा पहली बार हुआ है कि अगले वर्ष अप्रैल-मई में होने वाली यात्रा के लिए अभी से पालिसी जारी कर दी गई है।



हज कमेटी आफ इंडिया के मास्टर ट्रेनर मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी ने बताया कि इस बार कई अहम बदलाव किए हैं। आवेदन के लिए अधिकतम आयु सीमा 70 से घटकर 65 वर्ष कर दी गई है। 65 वर्ष के यात्री को सहयोगी के तौर पर किसी को साथ ले जाना पड़ेगा।

अब पांच-पांच के बनेंगे ग्रुपअभी तक चार-चार लोगों के ग्रुप बनते थे, जो अब पांच-पांच के बनेंगे और इनमें बच्चे भी शामिल हो सकेंगे। बिना मेहराम की महिलाओं के लिए 45 से 60 वर्ष तक आयु सीमा रखी गई है। मेडिकल स्क्रीनिंग और फिटनेस सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया है। आवेदन प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है। पासपोर्ट तैयार रखने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड ने पहले ही निर्देश जारी कर दिए थे।

## कांग्रेस नेत्री प्रतिभा सिंह ने धामी व हरीश से मुलाकात की

देहरादून। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने बेटे विक्रमादित्य सिंह के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मुलाकात की। हिमाचल की सुक्खू सरकार में विक्रमादित्य सिंह कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री प्रतिभा सिंह व उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह पहले न्यू कैंट रोड स्थित सीएम आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद वे डिफेंस कालोनी स्थित पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत के आवास पहुंचे और उनसे भी कई मसलों पर चर्चा की।

उधर, बीजापुर स्थित गेस्ट हाउस में हिमाचल के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह और उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की मुलाकात हुई। दोनों के बीच पर्यटन की दृष्टि से उत्तराखंड के चांइशील घाटी से हिमाचल को जोड़ने वाली सड़क और पौंटा नेशनल हाईवे को लेकर चर्चा हुई। महाराज ने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर हिमालय की गोद में बसी चांइशील घाटी उत्तरकाशी, देहरादून और शिमला के सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़ी हुई है। यहां जाने के लिए पर्यटक उत्तराखंड के बजाय हिमाचल के रास्ते जाते हैं। साहसिक पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण चांइशील घाटी में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां दूर-दूर तक फैले खूबसूरत पहाड़, मीलों लंबे बुग्याल, जल धाराएं व दुर्लभ जड़ी-बूटियों का भरपूर खजाना मौजूद है।

## लक्सर के युवा चित्रकार माहिर ने की राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें पेंटिंग भेंट की

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में लक्सर हरिद्वार निवासी युवा चित्रकार माहिर ने मुलाकात कर उन्हें पेंटिंग भेंट की। इस पेंटिंग में माहिर द्वारा राज्यपाल की थ्रीडी पेंटिंग बनाई है जो आइने के सामने अपना अक्ष बदल देती है। इसमें एक ओर से राज्यपाल और दूसरी ओर से प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर की तस्वीर बनाई है। वहीं उन्होंने राज्यपाल को एक और पेंसिल नक्काशी भेंट की जिसमें पेंसिल की नोक पर राज्यपाल की फोटो बनाई है। यह बहुत सूक्ष्म कला है जिसे बहुत ही बारीकी से पेंसिल की नोक पर डिज़ाइन किया जाता है।

राज्यपाल ने युवा चित्रकार माहिर द्वारा बनाई गई पेंटिंग और नक्काशी को देखकर सराहना करते हुए कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं और उन्होंने बेहद सुंदर चित्रकला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने पेंटिंग को निहारते हुए कहा कि जीवन में कला की महत्वपूर्ण भूमिका है। चित्रकला मानव जीवन की महत्वपूर्ण विधा है जो अद्वितीय प्रतिभा से अपनी कल्पनाओं के ब्रश और रंगों से मूर्त रूप देकर ऐसी कला का सृजन करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं में प्रतिभा और कौशल की कोई कमी नहीं हैं उन्हें सही मंच प्रदान किए जाने की जरूरत है। उन्होंने माहिर को पढ़ाई जारी रखने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## धामी सरकार के रेस्क्यू अभियान से बची हजारों जिंदगियां : चमोली

देहरादून। भाजपा विधायक विनोद चमोली ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि आपदा में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में सरकार ने हजारों जिंदगियों को बचाने में सफलता हासिल की। उन्होंने आपदा के समय चलाए गए सफल रेस्क्यू के लिए मुख्यमंत्री धामी के साथ ही सभी रेस्क्यू एजेंसियों का आभार व्यक्त किया। चमोली ने विश्वास जताया कि जल्द ही जनता के सहयोग से हम चारधाम यात्रा को फिर शुरू करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि देश इस समय चारों ओर आपदा का दंश झेल रहा है और देवभूमि उत्तराखंड भी इससे अछूती नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व में राज्य में चलाए गए शानदार बचाव अभियान का नतीजा है कि हम 16 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकालने में कामयाब हुए हैं। चमोली ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता आपदा में फंसे लोगों को बचाने की थी और अब हमारी प्राथमिकता केदारनाथ यात्रा को फिर शुरू कराने की है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ के पैदल मार्ग का 75 फीसदी हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। ऐसे में 25 फीसदी छूट के साथ हेली सेवा को शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

## मुनस्यारी से सेना को शिफ्ट करने की मांग

देहरादून। चीन सीमा से लगे मुनस्यारी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बुधवार को जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मर्तोलिया एक प्रतिनिधिमंडल के साथ देहरादून पहुंचे। यहां पीसीसीएफ से मुलाकात कर उन्होंने मुनस्यारी के खालिया टॉप तथा बलाती फॉर्म को बचाने के लिए ट्रीटमेंट प्लान बनाने के साथ-साथ बलाती फार्म से भारतीय सेना को शिफ्ट करने की मांग भी उठाई। ये भी चेतावनी दी कि अगर मांग पूरी ना हुई तो लोकतांत्रिक ढंग से सीमा सील बंद कर दी जाएगी।

## जल निगम महासंघ का 17 अगस्त को शपथ ग्रहण

देहरादून। उत्तराखंड पेयजल निगम कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 17 अगस्त को होगा। अध्यक्ष चुनाव समिति विजय खाली ने बताया कि नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। जिसमें गौरव बर्त्वाल अध्यक्ष और नवीन थापा महासचिव चुने गए हैं। 17 अगस्त को कमलानगर महासंघ कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा।

## मांगों को लेकर छात्रों का डीएवी में हस्ताक्षर अभियान

देहरादून। छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को डीएवी कालेज में हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसके जरिए कालेज के छात्रों से समर्थन मांगा गया। छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में छात्रों ने कालेज परिसर में सभी छात्रों के हस्ताक्षर लेकर अभियान के लिए सर्थन जुटाया। सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि कालेज में बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं। जिस कारण छात्रों को पढ़ाई में दिक्कत है। इसके अलावा क्लास रूमों की भी भारी कमी है उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने 100 फीट का तिरंगा लगाने की घोषणा की थी। जिसे जल्द पूरा किया जाए। साथ ही डीएवी कॉलेज में भी स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जाये। चेतावनी दी कि यदि हमारी इन मांगों पर जल्द से जल्द उचित कार्यवाही नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## राशन कार्ड धारकों के दोबारा सर्वे को ज्ञापन भेजा

देहरादून। आरकेडिया ग्रांट वार्ड संख्या 92 और 93 में राशन कार्डों धारकों का दोबारा सर्वे कराने की मांग की गई है। इसे लेकर क्षेत्र की पूर्व उप प्रधान गीता बिष्ट ने ईमेल के जरिए जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि पिछले कई सालों से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के राशन कार्ड धारकों का सर्वे नहीं कराया गया है। कई आर्थिक रूप से संपन्न लोग इस योजना का लाभ ले रहे हैं और जरूरतमंद लोग आज भी राष्ट्रीय खाद्य योजना के राशन कार्डों के इन्तजार में बैठे हैं। जबकि, राज्य की विभागीय मंत्री रेखा आर्य अपात्र लोगों का सर्वे कराने का निर्देश पूर्व में दिया जा चुका है। फिर भी इस पर कार्यवाही नहीं हुई है।

## बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न

ऋषिकेश। मौसम का मिजाज ऋषिनगरी में बुधवार को बदल गया। दोपहर में तेज बारिश से ज्यादातर सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे आवागमन में लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ीं। वाहन सवारों को भी सड़कों पर जलजमाव होने से परेशानियों से जूझना पड़ा।

# संक्षिप्त खबरें

## एआरटीओ कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार और धरना रहा जारी

हरिद्वार। उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के आह्वान पर एआरटीओ कार्यालय रोशनाबाद में तैनात कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार और धरना बुधवार को भी जारी रहा। पिछले कई दिनों से परिवहन विभाग के कर्मचारी चार कर्मचारियों के निलंबन को वापस लेने की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने से नाराज रोशनाबाद एआरटीओ कार्यालय कर्मचारियों ने मंगलवार से पूर्ण कार्य बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जो कि बुधवार को भी जारी रहा। धरने पर सचिव राजेंद्र सिंह बिष्ट, मोहनलाल, मनोज नेगी, राजेंद्र बेहेरा, संतोष डबराल, राजपाल रावत, प्रवीण नावरिया, अनिल कुमार, मुकेश वर्मा, उत्तम, सुभाष, मीनाक्षी, सुरेन्द नेगी, नितीश मैठाणी, ललित कंडारी, शूरवीर सजवाण, नवीन, कुंदन आदि मौजूद रहे।

## वर्चुअल रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं ने तहसील में हड़ताल शुरू की

हरिद्वार। देहरादून बार एसोसिएशन के आह्वान पर वर्चुअल रजिस्ट्री के विरोध में हरिद्वार तहसील के अधिवक्ताओं ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते बुधवार को तहसील में रजिस्ट्री के कार्य नहीं हो पाए। इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।। हरिद्वार तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में सभी अधिवक्ता ने कामकाज छोड़कर हरिद्वार तहसील में हड़ताल पर बैठ गए। चंद्रपाल सिंह ने बताया कि सभी अधिवक्ताओं ने अपने चैम्बर बंद कर हड़ताल का पूर्ण सहयोग किया।

## कांग्रेस पहले यह बताएं 60 वर्षों में हरिद्वार के लिए क्या विकास किया ? : भाजपा

हरिद्वार। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा की कॉरिडोर प्रकरण पर कांग्रेसी राजनीति न करें, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले यह बताएं की आजादी के 60 वर्षों बाद भी उन्होंने हरिद्वार के लिए क्या किया है, जबकि राज्य बनने के बाद 10 साल उनकी उत्तराखंड में भी और केंद्र में भी सरकारे रही है कांग्रेस का हरिद्वार से सांसद भी रहा है और वे केंद्र में मंत्री भी रहे हैं। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी विधानसभा हरिद्वार की बैठक खड़खड़ी स्थित भाजयुमो प्रदेश मंत्री दीपांशु विद्यार्थी के कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें कांग्रेस की ओर से कॉरिडोर को लेकर निकाली जा रही यात्रा को लेकर सवाल उठाए। भाजपा नेताओं ने कहा कि हरिद्वार नगरपालिका और नगर निगम में भी दो बार कांग्रेस के पालिकाध्यक्ष और मेयर रहे हैं, उन्हें इस प्रकरण पर हरिद्वार की जनता को भ्रमित नहीं करना चाहिए।

## प्रशिक्षण के लिए नगर निगम पहुंचे पांच ईओ

हरिद्वार। राज्य में हाल ही में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के पद पर भर्ती अधिशासी अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए अलग अलग नगर निगमों में भेजा जा रहा। ऐसे ही पांच प्रशिक्षु अधिशासी अधिकारी नरेंद्र सिंह रावत, रोहित कुमार, रोहित पंवार, विरेंद्र सिंह, अकबीर सिंह नगर निगममें प्रशिक्षण लेने पहुंचे। सहायक नगर आयुक्त रविंद्र दयाल ने बताया कि सभी प्रशिक्षु अधिशासी अधिकारियों को एक सप्ताह तक विभागीय कार्यों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण काल पूरा होने के बाद ही इन सभी को अलग अलग स्थानों पर तैनाती दी जायेगी।

## नौ साल की बच्ची लापता

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र से नौ साल की बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। ज्वालापुर पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर रमेश तनवार ने बताया कि क्षेत्र की एक कॉलोनी के रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया कि उसकी नौ वर्षीय पुत्री सोमवार की दोपहर घर से कहीं निकल गई। इसके बाद वह जब लौटकर नहीं आई तो उसकी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

## पौधे लगाने को सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवक आगे आए: शर्मा

हरिद्वार। पर्यावरण प्रेमी नरेश शर्मा ने कहा कि पौधे लगाने को सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों को आगे आना चाहिए। कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए और अपने आसपास वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पौधे लगाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है. बदले में हमारा भी प्रकृति के प्रति कुछ दायित्व है। यह बातें उन्होंने बुधवार को पौधरोपण के दौरान कही। शर्मा ने प्रतिदिन एक पौधा लगाने का संकल्प लिया है। बुधवार को अपने 24 वें पौधरोपण के दौरान उन्होंने कहा कि अपने आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा और स्वच्छ वातावरण मिले इसके लिए पौधे लगाने की शुरुआत की गई है।

## किसी यूरोपियन विवि में पहली बार आर्षग्रंथों की हुई स्थापना

हरिद्वार। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की अनुवादित आर्ष ग्रंथ यूरोप के प्रतिष्ठित विल्निनस विश्वविद्यालय, लिथुआनिया में स्थापित किया गया। यह पहला मौका है जब किसी यूरोपियन विवि में आर्षग्रंथों की स्थापना हुई। आर्ष ग्रंथों की स्थापना होने से विवि के युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और अध्ययन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों को समझने में आसानी होगी। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि आर्ष ग्रंथों के अध्ययन से युवाओं को सही राह चुनने में सहायता मिलेगी और यह सकारात्मक जीवन जीने के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर है जब किसी यूरोपियन विवि में भारतीय आर्षग्रंथों की स्थापना हुई हो।

## मुकदमा वापस न लेने पर मारपीट, केस दर्ज

हरिद्वार। पट्टे की जमीन पर कब्जे के मामले में मुकदमा वापस नहीं लेने पर श्यामपुर पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज कर लिया है। आरोप है कि मुकदमा वापस नहीं लेने पर वन गुर्जर के साथ मारपीट कर दी गई। इतना ही नहीं आरोपियों ने हत्या की धमकी भी दी। एसओ श्यामपुर नितेश शर्मा के मुताबिक गांव गैंडीखाता श्यामपुर निवासी नूर आलम ने शिकायत कर बताया कि उसके बेटे मोहम्मद गनी का निधन हो गया है, वह अपने बेटी की नाबालिग पुत्रियों के साथ गुज्जर बस्ती गैंडीखाता में रहता है। बताया कि उनके पुत्र को वन विभाग ने पुनर्वास योजना के तहत जमीन दी थी। आरोप है कि पांच अगस्त की रात जमीला, बसीर उर्फ निक्कू, इमाम हुसैन और मियां उनके घर में घुस गए।


# मुनिकीरेती से नौवीं की छात्रा लापता

ऋषिकेश। घर से स्कूल के लिए निकली एक नौवीं की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। परिजनों ने खोजबीन शुरू की, तो पता चला कि छात्रा स्कूल नहीं पहुंची। पूछताछ में पता चला कि अज्ञात उसे बाइक पर बैठाकर ले गया है। पीड़िता पिता ने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिसपर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक पिता ने तहरीर में बताया कि उनकी बेटी 13 वर्षीय नाबालिग बुधवार सुबह सात बजे घर से तैयार होकर स्कूल गई थी। बेटी को बाइक सवार बहला-फुसलाकर साथ ले गया है। थानाध्यक्ष रितेश शाह ने बताया कि अज्ञात की पहचान के लिए घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर की भी जांच की जा रही है। जल्द ही नाबालिग को बरामद कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## मां और नवजात के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है पहला स्तनपान

ऋषिकेश। हिमालयन हॉस्पिटल में बुधवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें माताओं को शिशुओं को स्तनपान कराने के प्रति जागरूक किया गया। स्तनपान से मां और नवजात को होने वाले लाभ के विषय में भी जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पहला स्तनपान मां और नवजात दोनों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। मां का पहला गाढ़ा पीला दूध बच्चे का पहला टीकाकरण है, इससे बच्चे को आवश्यक खनिज और रोगों से लड़ने की शक्ति मिलती है। कहा कि स्तनपान सप्ताह मनाने का उद्देश्य मातृशक्ति को इसके प्रति जागरूक करना है। स्तनपान से 19 प्रतिशत शिशु मृत्यु दर व कुपोषण को कम किया जा सकता है। मां के पहले दूध विटामिन युक्त होता है। यह शिशुओं की आंतों की सफाई और शिशु को पीलिया से बचाने में सहायता करता है। डॉ. सुरभि मिश्रा ने बताया कि जागरूकता के अभाव में लोगों में यह भ्रांति है कि पहला दूध घातक हो सकता है। इसको दूर करने के लिए यह साप्ताहिक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जन्म के करीब आधे घंटे बाद मां अपने शिशु को स्तनपान करा सकती है। वहीं सिजेरियन से हुए शिशु की मां करीब चार घंटे बाद या एनिस्थिसिया के प्रभाव से बाहर आने के बाद स्तनपान करा सकती है। मौके पर डॉ. अवनि गुप्ता, डॉ. चिराग जोशी, डॉ. सुदीक्षा शर्मा, स्वस्ति गर्ग, स्वाति बिष्ट, वैभव गुप्ता, वामिका शर्मा, सक्षम श्रीवास्तव, वैभव राणा आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय



# भारत विरोधी बांग्लादेश

बांग्लादेश के साफ संकेत हैं कि अब वहां कट्टरपंथियों और भारत-विरोधी ताकतों का वर्चस्व होगा। आतंकवाद का खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश में भी तालिबान सक्रिय होंगे। वहां के प्रधानमंत्री आवास को आम जनता के लिए इस कदर खोल रखा गया है मानो कोई मेला लगा हो! कुछ युवा चेहरों की अश्लील, असभ्य, विद्रूप मानसिकता सार्वजनिक हुई है, जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ब्रा और अंतर्वस्त्र सरेआम लहराए हैं। ऐसे युवा कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी छात्र नहीं हो सकते। वे बेशर्म जमात भी हो सकते हैं, लेकिन अपने ही मुल्क का अपमान कर रहे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी दोनों ही कट्टरवादी दल हैं और पाकपरस्त भी हैं। अंतरिम सरकार बनने से पहले ही दोनों दलों के करीब 9000 कार्यकर्ताओं को जेलों से रिहा कर दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और उनके पुत्र तारिक रहमान की सरपरस्ती में इन दलों ने आम जनसभा को संबोधित भी किया है। तारिक हत्या के तीन मामलों में उम्रकैद के सजायाफ्ता हैं, लेकिन वह लंदन में स्वनिर्वासन में थे। अभी ढाका लौट कर आए हैं, तो अदालतें फिलहाल खामोश और निष्क्रिय हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार में मंत्री रहे 10 और अन्य बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल बीएनपी और जमात के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने 'सौदेबाजी' की है कि शेख मुजीब की सियासी विरासत की प्रतीक 'अवामी लीग' पार्टी का नामोनिशां ही मिटा दिया जाए, ताकि 1971 की बगावत की मुकम्मल सजा दी जा सके। हसीना के बांग्लादेश छोड़ कर चले जाने के साथ ही शेख मुजीब की सियासी विरासत तो समाप्त हो गई। पाकिस्तानी फौज गदगद है और लड्डू खा रही है। ऐसी सूचनाएं भी हैं कि आईएसआई लंदन में तारिक रहमान और जमात के नेतृत्व के साथ 2018 से ही 'तख्तापलट' की साजिश रच रही थी, लेकिन अभी तक नाकाम रही थी। मौजूदा आंदोलन का आवरण छात्रों का था, लेकिन उनकी आड़ में जमात और बीएनपी के कार्यकर्ताओं ने ही आंदोलन को 'तख्तापलट' का रूप दिया था। जमात का छात्र संगठन ही आंदोलन और बगावत के पीछे सक्रिय था। बेशक शेख हसीना को मुल्क छोड़े तीन दिन गुजर चुके हैं, लेकिन बांग्लादेश के हालात अब भी सामान्य नहीं हुए हैं। करीब 125 लोग बीते एक दिन में मारे गए हैं। कुल मौतों की संख्या 450 से अधिक हो गई है। चूंकि प्रधानमंत्री के तौर पर हसीना भारत-समर्थक थीं। दोनों देशों ने कई साझा परियोजनाएं शुरू कीं और पुराने विवादों को भी खत्म किया। अब अंतरिम सरकार के दौर में कट्टरपंथी और भारत-विरोधी ताकतें ऐलानिया कह रही हैं कि उन परियोजनाओं की जांच और समीक्षा की जाएगी।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक: मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन: 0135-4066790, 2672002
RNI No.: UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No.: 31406 E-mail: dainiknewsvirus@gmail.com
Website: www.newsvirusnetwork.com YouTube: TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार: जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## फुटबॉल टूर्नामेंट में रनर अप रही टीम का सम्मान

ऋषिकेश। कारबेरी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में एनडीएस के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिसको लेकर बुधवार को विद्यालय प्रबंधकों ने विद्यालय के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। एनडीएस विद्यालय के संस्थापक महंत बाबा राम सिंह महाराज तथा व्यवस्थापक संत जोध सिंह महाराज ने विद्यालय के खिलाड़ियों को बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएन सूरी ने कहा कि बीती 31 जुलाई से 6 अगस्त तक देहरादून डालनवाला स्थित कारमन स्कूल में 'कारबेरी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट' हुआ। जिसमें विभिन्न विद्यालयों की 23 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस टूर्नामेंट में विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनर अप ट्राफी जीती। जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इस दौरान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाचार्या ललिता कृष्णास्वामी आदि उपस्थित रहे।

## नीतू बिष्ट के सर सजा तीज क्वीन का ताज

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वक्ताओं ने तीज के महत्व के बारे में जानकारियां दीं। बुधवार को गुमानीवाला स्थित सामुदायिक केंद्र में कल्याणी संस्था द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में क्षेत्र की महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और विभिन्न प्रकार के खेल में शिरकत की। जिसके आधार पर नीतू बिष्ट को तीज क्वीन चुना गया।

## भारत-ब्राजील सांस्कृतिक संबंधों के अध्ययन हेतु तैयार होगी कार्य योजना

अल्मोड़ा। वैदिक अध्ययन अनामय वैदिक आश्रम कौसानी के आशुतोष महाराज तथा उनके साथ आए दल ने सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा के इतिहास - पुरातत्त्व संग्रहालय का भ्रमण किया। इतिहास के विभागाध्यक्ष प्रो वीडीएस नेगी तथा संग्रहालय प्रभारी डॉ चन्द्र प्रकाश फुलोरिया ने सभी को संग्रहालय में प्रदर्शित सामग्री के संदर्भ में जानकारी दी। स्वामी विवेकानन्द-महात्मा गाँधी अध्ययन केन्द्र के सह संयोजक डॉ ललित चन्द्र जोशी ने आशुतोष महाराज एवं अन्य शोधार्थियों को अध्ययन केंद्र से संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इसके उपरान्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट के निर्देश पर भारत-ब्राजील के बीच विस्तृत सांस्कृतिक संबंधों के समग्र अध्ययन परियोजना तैयार करने के लिए रामकृष्ण कुटीर अल्मोड़ा में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विषय पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर ब्राजील में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विषय में शोधरत आशुतोष महाराज वैदिक अध्ययन के आशुतोष महाराज, आचार्य कमलेश, विवेक गुप्ता, डॉ ललित चन्द्र जोशी तथा डॉ चंद्र प्रकाश फुलोरिया के अलावा रामकृष्ण कुटीर के ब्रम्हचारी अर्पण मौजूद रहे।

## राज्य सरकार कर रही उत्तराखंड आंदोलनकारियों की घोर उपेक्षा

अल्मोड़ा। राज्य आंदोलनकारियों ने नगर के गांधी पार्क में धरना दिया तथा राज्य आंदोलनकारियों को 20 हजार रुपये मासिक पेंशन दिए जाने सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री उत्तराखंड को प्रेषित किया। बुधवार को आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड आंदोलनकारियों की घोर उपेक्षा कर रही है जिसका उदाहरण है कि उन्हें दिए गए क्षैतिज आरक्षण के विधेयक को वर्षों से लंबित रखा गया है, सरकार अपने कार्यकर्ताओं को तो लोकतंत्र सेनानी जैसे नए नए नाम देकर 20 हजार मासिक पेंशन दे रही है, प्रतिवर्ष विधायकों के पेंशन भत्ते बढ़ा रही है किन्तु राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ाने सहित अन्य मांगों पर मौन है। राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि गैरसैंण राजधानी के बिना राज्य का समग्र विकास संभव नहीं है इसलिए गैरसैंण को शीघ्र स्थाई राजधानी घोषित किया जाय, मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप आश्रितों को शीघ्र पेंशन दी जाय। चिन्हीकरण से वंचित राज्य आंदोलनकारियों का चिन्हीकरण किया जाय तथा राज्य के विकास में राज्य आंदोलनकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाय।

# संक्षिप्त खबरें

## धारचूला में हुई खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा

पिथौरागढ़। सीएम खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत धारचूला के जवाहर सिंह नबियाल स्टेडियम में खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित हुई। उदघाटन खंड शिक्षा अधिकारी आशा राम, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कुलदीप कुमार, ब्लाक खेल समन्वयक जगदीश प्रसाद, विपिन थलाल, कैलाश घुनियाल ने किया। इस दौरान एथलेटिक्स, बाक्सिंग, जूडो, कराटे, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, वालीबाल, फुटबाल, बास्केटबाल, हाकी, टेबल टेनिस, कबड्डी आदि की दक्षता परीक्षा ली गई। नगर पालिका व ब्लाक स्तरीय खेल में तीन- तीन बालक बालिकाओं का चयन किया गया।संचालन ब्लाक प्रमुख जगदीश प्रसाद ने किया।

## पिथौरागढ़ में महापालिका बनाने के विरोध में दिया धरना

पिथौरागढ़। नगर पालिका का विस्तार कर महापालिका बनाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं,पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने डीएम कार्यालय के पास धरनास्थल में सांकेतिक धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि 2019 में पांच गांव दौला, नेडा, बस्ते, ऐंचोली क्षेत्र को शामिल किया। वहां के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित चल रहे हैं। अगर पालिका में नगर के पास के गांवों को इसमें शामिल किया जाता है तो इससे ग्रामीणों को काफी नुकसान होगा। बुधवार को विधायक मयूख महर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय के पास स्थित धरनास्थल में धरना दिया। चैंसर, कासनी, ओडमाथा, नैनीसैनी, कुसौली, पंडा, सुजई, पपदेव, पौंण, हुडेती, टकाडी, दाडिमखोला सहित अन्य गांव के पंचायत प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर सरकार के फैसले पर आक्रोश व्यक्त किया। विधायक महर ने कहा कि ब्लाक में जो सुविधाएं मिलती हैं वह नगर क्षेत्र में नहीं मिलती है। महिलाएं गाय,बकरी पालन कर अपना स्वरोजगार कर सकती हैं। नगर क्षेत्र के लोग भी महापालिका में शामिल होने का विरोध कर रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि लोग महापालिका बनाने में खुश नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका ने लोगों से सिर्फ टैक्स वसूला। लोगों को धरातल पर कोई सुविधा नहीं दी। नगर के लोग ही नगर पालिका के विस्तारीकरण कर महापालिका बनाने का विरोध कर रहे हैं। रई, धनौड़ा, दौला सहित अन्य गांवों को पिछले कार्यकाल में नगर पालिका में शामिल किया पर आज भी लोग रास्तों,स्ट्रीट लाइट सहित अन्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू लुंठी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष भावना नगरकोटी, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री महेंद्र लुंठी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जगत सिंह खाती,पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस त्रिलोक महर, मुकेश पंत, खीमराज जोशी, गौरव महर,राज्य आंदोलनकारी केदार सेठी, नरेंद्र सौन, टिक्कू महर, संतोष गोस्वामी, जीवन वल्दिया, भुवन पांडे, बहादुर सामंत,तिलक जोशी आदि रहे।

## जोगेन्दर के टेक्निकल ऑफिशियल नामित होने से खुशी

पिथौरागढ़। विकासखंड के चाकबोरा के रहने वाले जोगेन्दर बोरा के एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में टेक्निकल ऑफिशियल नामित होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। बुधवार को उन्होंने बताया कि भारतीय बॉक्सिंग फैडरेशन ने रोहतक हरियाणा में इन दिनों चल रही जूनियर छात्र-छात्रा एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के लिए उन्हें यह जिम्मेदारी सौपी है। जोगेन्दर वर्ष 2022 में एशियन ट्रायल व कॉमनवेल्थ सिलेक्शन ट्रायल में जज व रेफरी की भी भूमिका निभा चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक फकीर राम टम्टा, पूर्व विधायक मीना गंगोला, ब्लॉक प्रमुख विनीता बाफिला, हनुमान रावत, हेम पंत, जीवन धानिक, धीरज बिष्ट, चारू पंत, जीवन पाठक, राजेश रावत, गोविन्द भंडारी, इन्द्र धानिक, दीपक नेवलिया,त्रिभुवन भंडारी, कैलाश चन्याल ने खुशी जताई है।

## 11 अगस्त को रन पिथौरागढ़ दौड़

पिथौरागढ़। युवा समूह पहाड़ी वोकल्स की ओर से 11 अगस्त को रन पिथौरागढ़ नाम से दौड़ का आयोजन किया जाएगा। आयोजक करन तिवारी ने बताया कि दौड़ देव सिंह मैदान से सुबह 6 बजे प्रारंभ होगी। प्रतिभागी सिल्थाम, घंटाकरण, अपटेक तिराहा, टकाना आदि स्थानों से रामलीला मैदान पहुंचेगी। कहा कि दौड़ का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त, स्वस्थ, स्वच्छता के प्रति जागरुक करना है।

## सिलपाटा में बारिश से पैदल रास्ता क्षतिग्रस्त

पिथौरागढ़। नगर के सिलपाटा में बारिश से एक पैदल रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। मंगलवार को स्थानीय विक्की पुनेठा ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद आईटीआई पुलिया के समीप रास्ते की दीवार ढह चुकी है। बताया कि रोजाना इस मार्ग में छोटे बच्चों से लेकर कई लोग आवाजाही करते हैं। ऐसे में अगर समय रहते रास्ते का सुधारीकरण नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पुनेठा ने प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेने की अपील की है।

## उमरगड़ा गांव को बचाने को सुरक्षा दीवार लगाई जाए


पिथौरागढ़। बंगापानी तहसील के शिलिंग उमरगड़ा गांव के ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा दीवार लगाने की मांग की है। बुधवार को डेवलमेंट सोसायटी के अध्यक्ष प्रकाश गोस्वामी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसीलदार के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 की आपदा में उमरगड़ा गांव के चार मकान गोरी नदी में समा गए। कहा कि लगातार हो रहे भू कटाव के कारण शेष 12 परिवारों को भी खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि आपदा के 11 साल बीत चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने गांव की सुरक्षा को लेकर कोई कदम नहीं उठाया। कहा कि गांव को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा दीवार का निर्माण होना जरूरी है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर आगामी 21 अगस्त तक प्रशासन से इस मामले में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो वह बंगापानी तहसील कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

## चोरों ने डोलीडाना मंदिर पर बोला धावा

अल्मोड़ा। नगर में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। चोर एक के बाद एक मंदिरों के अलावा आवासीय घरों और दुकानों को निशाना बना रहे हैं। अब ताजा मामला करबला से ठीक आगे डोलीडाना मंदिर से सामने आया है। मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के सभी ताले चटका दिए। चोरी की जानकारी पुजारी राम सिंह पंवार को सुबह लग पाई। उन्होंने मंदिर के दरवाजों पर लटके टूटे हुए ताले देखे तो उनके होश उड़ गए। सूचना पुलिस को दी गई। एसएसआई सतीश चंद्र कापड़ी ने बताया कि मौके का निरीक्षण किया जा रहा है। क्या-क्या चोरी हुआ है इसकी जानकारी ली जा रही है। इधर, नगर में प्रत्येक दिन हो रही चोरियों से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। इससे पहले सोमवार रात चोरों ने पांडेखोला में दुकान के ताले तोड़ दिए थे। पुलिस अब तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। इससे पुलिस की मुस्तैदी और गश्त पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

# वैली ऑफ वर्ड्स के बोर्ड मेम्बर्स ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की





न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून, 7 अगस्त। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) के साथ डॉ संजीव चोपड़ा और वैली ऑफ वर्ड्स के सदस्य। डॉ. संजीव चोपड़ा और उनके सहयोगियों ने मंगलवार, 6 अगस्त को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर वैली ऑफ वर्ड्स के फेस्टिवल डायरेक्टर संजीव चोपड़ा ने आगामी वैली ऑफ वर्ड्स इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट्स फेस्टिवल के 8वें संस्करण के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया और उन्हें संगठन की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया।

लेखक संजीव चोपड़ा ने राज्यपाल को वैली ऑफ वर्ड्स के उद्देश्यों, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों सहित विभिन्न साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सूचित किया कि इस साल का आयोजन उन प्रतिभागियों की आवाज को मंच प्रदान करेगा जिन्होंने साहित्य, कला, और संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। इस बार का आयोजन साहित्य प्रेमियों और विद्वानों के लिए विभिन्न सत्रों, कार्यशालाओं और चर्चाओं के माध्यम से अपना मत रखने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

राज्यपाल ने वैली ऑफ वर्ड्स के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में साहित्यिक और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगा और ऐसे कार्यक्रम उत्तराखंड की युवा पीढ़ी को प्रेरित भी करेंगे।

डॉ संजीव चोपड़ा ने राज्यपाल को हाल ही में लॉन्च हुई अपनी पुस्तक के हिंदी संस्करण "हम, भारत के राज्यों के लोगः भारत की आंतरिक सीमाओं का निर्माण एवं पुनर्निर्माण" की एक प्रति भी भेंट की।

डॉ संजीव चोपड़ा माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) को अपनी पुस्तक 'हम भारत के राज्यों के लोग' भेंट करते हुए। इस मुलाकात में डॉ संजीव चोपड़ा ने राज्यपाल को आयोजन के मुख्य आकर्षण, वक्ताओं और साहित्यिक प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने माननीय राज्यपाल को Lead@VoW पहल के बारे में भी बताया, जो देहरादून के आठ ज्ञान संस्थानों – सर्वे ऑफ इंडिया, नेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑफिस, फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, स्वामी राम हिमालयन यूनिवर्सिटी, द्विजेन्द्र नाथ सेन मेमोरियल कल्चरल सेंटर और साक्य अकादमी के साथ आठ चुने हुए स्कूलों के बीच अंतर- पीढ़ी संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इन आठ स्कूलों में जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल, ज्ञानांदा स्कूल, सेंट कबीर अकादमी, माउंट फोर्ट अकादमी, हिमज्योति स्कूल, द टोंस ब्रिज स्कूल और कासिगा स्कूल शामिल हैं।

राज्यपाल ने वैली ऑफ वर्ड्स की टीम को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस बैठक में स्वामी राम हिमालयन यूनिवर्सिटी के उपकुलपति, डॉ. राजेंद्र डोभाल; ज्योति धवन; मीडिया पर्सनैलिटी सतीश शर्मा और सूचना निदेशक श्री नितिन उपाध्याय भी मौजूद रहे।

## शहीद दिल और दिमाग में सदैव रहते हैं जिंदा : प्रेमचंद अग्रवाल

ऋषिकेश। शहीद हमीर पोखरियाल की 6वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को उन्हें याद किया गया। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि जिस घर, परिवार से सैनिक निकलते हैं, वह घर और परिवार पूजनीय होता है। उस परिवार पर ईश्वर की विशेष कृपा होती है। बुधवार को गुमानीवाला भट्टोवाला में शहीद हमीर पोखरियाल की 6वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हमीर पोखरियाल सात अगस्त 2018 को जम्मू कश्मीर में एक आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए थे। भारतीय सेना की घातक प्लाटून में तैनात शहीद हमीर पोखरियाल की सैन्य टुकड़ी ने सात आतंकवादियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ में हमीर पोखरियाल सहित तीन जवान शहीद हो गए थे। देश के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने वाले वीर जवान जहां भारत माता की आन, बान और शान व सुरक्षा के लिए तत्पर हैं। वहीं देश में, देश के टुकड़े करने वाले लोग भी सक्रिय है। कहा कि ऐसे लोगों को पहचानने की आवश्यकता है। हमीर ने देश सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, ऐसे सच्चे देशभक्त समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनते है। हमीर हमारे दिलों और दिमाग में आज भी जिंदा हैं। मौके पर शहीद की माता राजकुमारी, पिता जयेंद्र पोखरियाल, पत्नी पूजा, बेटी अन्वी, बेटा शौर्यवीर, चाचा शैलेन्द्र, आलेंद्र, भगवान सिंह पोखरियाल,मानवेन्द्र कण्डारी, प्रधान दीपिका व्यास, वीरेंद्र रमोला, विजेंद्र मोंगा, चंद्रमोहन पोखरियाल, सन्दीप कुड़ियाल, शीशपाल पोखरियाल, सतीश रतूड़ी, ताजवीर सिंह, किशोरमणि पंत, रीना रांगड़, डॉ. सुनील थपलियाल आदि उपस्थित रहे।

## सब रजिस्ट्रार कार्यालय में नहीं हुई रजिस्ट्री

ऋषिकेश। वर्चुअल रजिस्ट्री की प्रक्रिया में खामियों का आरोप लगाते हुए तीन दिन से चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल बुधवार को भी जारी रही, जिससे सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। सुबह से लेकर शाम तक कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारी रजिस्ट्री कराने पहुंचने वाले लोगों के इंतजार में बैठे रहे, लेकिन कोई भी व्यक्ति नहीं पहुंचा। बार एसोसिएशन के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि वर्चुअल रजिस्ट्री से अधिवक्ताओं, टाइपिस्ट और स्टांप वेंडरों के हित प्रभावित हो रहा है, जिसके चलते यह कार्य बहिष्कार चल रहा है। देहरादून में भी इस बाबत अधिवक्ताओं की बैठक हुई है। बुधवार को वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी मिला है, जिसमें वर्चुअल रजिस्ट्री की प्रक्रिया को लेकर लंबी चर्चा हुई है, जिससे समस्या का हल निकले की उम्मीद है। सब रजिस्ट्रार हरिशचंद्र चौहान ने बताया कि बुधवार को कार्यालय में एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई है। कर्मचारी रजिस्ट्री व अन्य कार्यों के लिए ड्यूटी पर रहे।

## लगातार कम हो रहा गन्ने की खेती का क्षेत्रफल

ऋषिकेश। देहरादून जिले में गन्ने का लगातार घटता क्षेत्रफल चिंता का विषय बना हुआ है। जिले में गन्ने की बुवाई करने का क्षेत्रफल लगातार घटता जा रहा है। बुधवार को डोईवाला में सहकारी गन्ना विकास समिति के निदेशक मंडल की बैठक में इसकी जानकारी दी गई। बैठक में गन्ना का क्षेत्रफल और पैदावार बढ़ाई जाने को लेकर चर्चा हुई। गन्ना समिति के अध्यक्ष मनोज नौटियाल ने कहा कि देहरादून जिले में गन्ना बुवाई करने का क्षेत्रफल लगातार घटता जा रहा है। वर्ष 2022-2023 में गन्ने का क्षेत्रफल 4422 हेक्टेयर था। वहीं वर्ष 2023-2024 में यह घटकर 3785 हेक्टर हो गया। इसके सापेक्ष इस वर्ष 2024-2025 के लिए गन्ने का क्षेत्रफल घटकर 3691 हेक्टर रह गया है। जो चिंताजनक है। कहा कि जिन किसानों के पास पिछले कई वर्षों से समिति का ऋण है, उसे जल्द जमा किए जाने के लिए नोटिस भेजे जाएं। केन कमिश्नर चंद्र सिंह धर्म शक्तू ने कहा कि गन्ने का विकास विभाग क्षेत्रफल और पैदावार बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

## अगस्त्यमुनि और चाका के बीच इलेक्ट्रानिक ट्रॉली का विधायक चौधरी ने किया शुभारंभ

रुद्रप्रयाग। चाका-अगस्त्यमुनि के बीच चाका गांव सहित अन्य लोगों के लिए मंदाकिनी पर आवाजाही के लिए रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी ने बुधवार को इलेक्ट्रिक ट्राली का शुभारंभ किया। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। क्षेत्रीय जनता लम्बे समय से ट्रॉली लगाने की मांग कर रही थी। ट्राली लगने पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई। मंदाकिनी नदी पर आवाजाही के लिए कोई साधन न होने के चलते चाका गांव अन्य क्षेत्रों के स्थानीय ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को लंबे दूरी तय कर अगस्त्यमुनि आना पड़ता है। ट्राली लगने से अब क्षेत्रवासियों को सुविधा होगी। विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि मंदाकिनी नदी पर सिल्ली-चाका के मध्य मोटर पुल का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए 17.75 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त है।

## सोनप्रयाग में मंदाकिनी नदी पर सेना द्वारा बनाया पुल तेज बहाव में बहा

रुद्रप्रयाग। सोनप्रयाग में मंदाकिनी नदी पर सेना द्वारा बनाया गया अस्थाई पुल बीती रात हुई भारी बारिश के चलते मंदाकिनी के तेज बहाव में बह गया। इससे फिर राहत एवं बचाव कार्य में मुश्किलें पैदा हो गई है। इधर, बुधवार को पुल बहने के कारण गौरीकुंड से सोनप्रयाग आने वाले लोगों को मुनकटिया से पहाड़ी क्षेत्र से होते हुए सोनप्रयाग आना पड़ा। बताते चलें कि बीती 31 जुलाई को भारी बारिश के चलते केदारनाथ पैदल मार्ग में हुए भूस्खलन के चलते मंदाकिनी नदी उफान पर आई और केदारनाथ हाईवे सोनप्रयाग में करीब 150 मीटर ध्वस्त हो गया जिससे यहां आवाजाही ठप हो गई। गौरीकुंड से लोग सोनप्रयाग की तरफ नहीं आ सके। सोमवार को सेना से सोनप्रयाग में सोन गंगा और मंदाकिनी के करीब मंदाकिनी नदी पर अस्थाई पुल बनाना शुरू किया जबकि मंगलवार को सेना ने पुल बनाकर तैयार किया जिससे बड़ी संख्या में यात्रियों को रेस्क्यू कर पार गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### जगमोहन को अध्यक्ष बनाया

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक के मनरेगा कर्मियों की नवीन कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। जिसमें जगमोहन नेगी को अध्यक्ष, बालम थलवाल संरक्षक, पवन मिश्रवाण उपाध्यक्ष, सुरेंद्र पंवार सचिव, हरीश लाल सहसचिव, दीपक पंवार कोषाध्यक्ष और लक्ष्मण पंवार को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नेगी ने संगठन को मजबूत करने, मनरेगा कर्मियों की समस्याएं हल करने के लिए संघर्ष करने का आश्वासन दिया। कहा कि संगठन की एकता और मजबूती के लिए विशेष कार्य किया जाएगा।

### देवप्रयाग पुलिस की सजगता से बची युवक की जान

नई टिहरी। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि, राजमार्ग पर चेकिंग के दौरान एक युवक बिना हेलमेट और बिना नम्बर प्लेट की बाइक चलता हुआ मिला। चालान भरने की नौबत आने पर युवक के पास कोई रुपया, मोबाइल नहीं मिला। पूछताछ में युवक ने बताया कि, वह देवप्रयाग संगम पर अंतिम इच्छा (आत्महत्या) पूरी करने जा रहा है। पुलिस ने संदेह होने पर बाइक के चेसिस नंबर के आधार पर युवक का पता ढूंढ निकाला। युवक मध्य प्रदेश का निवासी है और उसकी गुमशुदगी भी दर्ज है। बताया कि युवक ने रकम दोगुनी करने के चुक्कर में एक फर्जी ऐप पर ऑनलाइन चार लाख रुपये गंवा दिए। बड़ी रकम डूबने पर युवक सदमे में आ गया। बिना बताये बाइक से निकलकर उत्तराखण्ड पहुंच गया।

### केदारनाथ से दिल्ली ले गई शिला वापस लाने के लिए करेंगे आंदोलन

रुद्रप्रयाग। कांग्रेस पीसीसी सदस्य अर्जुन गहरवार ने कहा कि केदारनाथ से दिल्ली ले जाई गई शिला यदि वापस न लाई गई तो सनातियों को एकजुट करते हुए दिल्ली से शिला वापस लाने के लिए आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली के जंतर मंतर में धरना दिया जाएगा। मुख्यालय स्थित रुद्रा काम्पलेक्स में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कांग्रेसी नेता अर्जुन गहरवार ने कहा कि 12 ज्योर्तिलिंगों में एक केदारनाथ से शिला लेकर दिल्ली में मंदिर निर्माण के लिए ले जाना से सनातनियों के सम्मान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में तथाकथित लोगों द्वारा केदारनाथ धाम का निर्माण करवाया जाना धार्मिक स्थलों की मर्यादा और आस्था के खिलाफ है।

### बजीरा के जैमर तोक में भूस्खलन से आवाजाही बंद

रुद्रप्रयाग। क्षेत्र में मंगलवार रात से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ममणी जखोली मोटर मार्ग पर बजीरा के जैमर तौक के समीप भारी भूस्खलन होने के कारण आवाजाही बंद हो गई है। वहीं भूस्खलन से बजीरा गांव के करीब पचास घरों को भी खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से समय रहते भू-धंसाव को रोकने की मांग की है। बुधवार को प्रधान बजीरा दिनेश सिंह चौहान, मालचंद रावत,भगतसिंह पुण्डीर, रणबीर सिंह राणा, मोहन सिंह चौहान, बलवीर सिंह सहित कई लोगों ने उपजिलाधिकारी जखोली को दिये ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र में विगत रात्रि से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण ममणी जखोली मोटर मार्ग पर किमी एक पर जैमर तौक में भारी भूंधसाव होने से बजीरा गांव के 50 परिवारों के आवासीय भवनों को खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने भवनों की सुरक्षा के लिए शासन प्रशासन से कहा है कि समय पर भूस्खलन रोकने ट्रीटमेंट करने की मांग की है।